ताजा खबरों के लिए पढ़ें-
https://ureshiyanews.page/
www.ureshiya.com

मेरठ से प्रकाशित व गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, अमरोहा, गजरौला में एक साथ प्रसारित

हमें सम्पर्क करें-
editorureshiya@gmail.com

# दैनिक युरेशिया

वर्ष: 3 अंक : 235
मेरठ, मंगलवार, 25 जून 2024
(पृष्ठ: 6)
मूल्य: 2 रूपया

सम्पादक : संजय त्यागी 'महादेव'
प्रधान सम्पादक : गौहर अनवार




दबंगो ने दुकान पर कब्जा करने के चक्कर में .. 6

राष्ट्रहित सर्वोपरि

खुद के फैसलों पर अडिग सेनानी सुचेता कृपलानी. 4

## पहली ही बारिश में टपकी राम मंदिर की छत



अयोध्या, (एजेंसी) अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर की छत से पहली बारिश में ही पानी टपकने लगा। मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने इस पर सख्त नाराजगी जाहिर की है। कांग्रेस ने मंदिर निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा है कि चुनावी लाभ लेने के लिए ही जल्दबाजी में दोयम दर्जे का निर्माण कराकर भारतीय जनता पार्टी ने अयोध्या को भ्रष्टाचार का अड्डा बनाया है। राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने सोमवार को पुष्टि की कि शनिवार आधी रात को हुई पहली बारिश में गर्भगृह में मंदिर की छत से तेजी से पानी टपक रहा था। सुबह जब पुजारी भगवान की पूजा करने वहां गए तो उन्होंने देखा कि फर्श पर पानी भरा हुआ है, जिसे काफी मशक्कत के बाद मंदिर परिसर से निकाला गया। मंदिर से पानी निकालने की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। उन्होंने बताया कि मंदिर में रामलला के विग्रह के ठीक सामने पुजारी के बैठने की जगह और वीआईपी दर्शन के लिए आने वाले लोगों के स्थान पर छत से बारिश का पानी तेजी से टपकने लगा। बारिश के पानी को निकालने के लिए मंदिर के पदाधिकारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। दास ने संवाददाताओं से कहा, 'बहुत आश्चर्य की बात है कि पूरे देश के ऐसे-ऐसे इंजीनियर यहां आकर राम मंदिर बना रहे हैं। पिछली 22 जनवरी को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो गई लेकिन यह किसी को ज्ञान नहीं रहा कि पानी बरसेगा तो छत टपकेगी। जो विश्व प्रसिद्ध मंदिर बन रहा हो उसके अंदर छत टपके, यह आश्चर्य की बात है। ऐसा क्यों हुआ? इतने बड़े इंजीनियरों के रहते ऐसी घटना हो रही है, जो बहुत गलत है।' उन्होंने आरोप लगाया कि मंदिर निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गई है। छत से पानी टपकने की घटना की सूचना शीर्ष अधिकारियों को दिए जाने के बाद मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र मंदिर पहुंचे और छतों की मरम्मत तथा 'वाटर' फिंग' के निर्देश दिए।

## चंबा में ओवरटेकिंग को लेकर बहस, युवक की हत्या

चंबा, मेले के बाद कार से घर लौट रहे युवक की दो बाइक सवारों के साथ ओवरटेकिंग को लेकर बहस हो गई। कुछ देर बाद पांच दोस्?तों ने मिलकर युवक की सुनसान जगह में हत्?या कर दी। पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। चार आरोपियों को सोमवार देर शाम और पांचवें को सुबह दबोचा गया है। पुलिस हत्?या का मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। मृतक की पहचान कांगड़ा जिले के नूरपुर के महला निवासी निखिल (24) के रूप में हुई है।आरोपियों की पहचान अंकू, विनय, अंकित, अतुल और विशाल के रूप में हुई है। अंकू, विनय और अंकित भटियात उपमंडल के कामन गांव के रहने वाले हैं, जबकि अतुल चुवाड़ी और विशाल लाहड़ी गांव का रहने वाला है।एसपी चंबा अभिषेक यादव ने बताया कि देर रात आरोपी और मृतक युवक एक मेले से रात के वक्त घर लौट रहे थे। निखिल अपनी कार में और दो आरोपी बाइक पर आ रहे थे। चुवाड़ी स्थित पेट्रोल पंप के पास ओवरटेकिंग को लेकर कहासुनी हुई। मामला बढ़ा तो निखिल वहां से अपनी कार लेकर भागने में कामयाब हुआ। मगर लाहडू के पास उसकी कार खराब हो गई, जिसके बाद निखिल ने चुवाड़ी में रहने वाले अपने रिश्तेदार को फोन किया। इस बीच वहां पर पांचों आरोपी भी पहुंच गए। इसी दौरान आरोपियों ने निखिल पर चाकू से वार किया और मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही निखिल को पहले नूरपूर, वहां से पठानकोट और फिर अमृतसर रेफर किया गया। इस दौरान रास्ते में ही निखिल ने दम तोड़ दिया।

# देश चलाने के लिए आपसी सहमति जरूरी : मोदी

### कहा- विपक्ष से नखरे, ड्रामा, नारेबाजी और व्यवधान नहीं चाहती जनता





नयी दिल्ली, (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश की जनता विपक्ष से 'नखरे, ड्रामा, नारेबाजी और व्यवधान' की जगह ठोस काम और संसद की गरिमा बनाए रखने की उम्मीद करती है। एक अच्छे और जिम्मेदार विपक्ष की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं व आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उनकी सरकार हर किसी की सहमति के साथ और हर किसी को साथ लेकर चलने का निरंतर प्रयास करेगी।

18वीं लोकसभा की शुरुआत के अवसर पर संसद भवन परिसर में मीडिया को संबोधित करते हुए मोदी ने संसदीय चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत को महान और भव्य बताया। उन्होंने कहा कि अपने तीसरे कार्यकाल में उनकी सरकार पहले से तीन गुना ज्यादा मेहनत करेगी और परिणाम भी तीन गुना लाकर रहेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार चलाने के लिए बहुमत होता है, लेकिन देश चलाने के लिए सहमति बहुत जरूरी होती है। इसलिए हम सबको साथ लेकर संविधान की मर्यादाओं का पालन करते हुए निर्णयों को गति देना चाहते हैं। इस अवसर पर उन्होंने साल 2047 तक श्रेष्ठ और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने का संकल्प दोहराया। आपातकाल को याद करते हुए मोदी ने कहा कि जो लोग संविधान की गरिमा के प्रति समर्पित हैं और भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं पर निष्ठा रखते हैं, उनके लिए 25 जून न भूलने वाला दिवस है। उन्होंने कहा, '25 जून को भारत के लोकतंत्र पर जो काला धब्बा लगा था, कल उसके 50 वर्ष हो रहे हैं। भारत की नयी पीढ़ी इस बात को कभी नहीं भूलेगी कि भारत के संविधान को पूरी तरह नकार दिया गया था। संविधान को समाप्त कर दिया गया था। देश को जेलखाना बना दिया गया था, लोकतंत्र को पूरी तरह दबोच दिया गया था।' 18वीं लोकसभा में युवा सांसदों की अच्छी खासी संख्या का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत से परिचित लोगों को पता है कि हमारे यहां 18 अंक का बहुत सात्विक मूल्य है। उन्होंने गीता के 18 अध्याय, पुराणों और उप-पुराणों की संख्या भी 18 होने का जिक्र किया और कहा कि इसका मूलांक नौ है और नौ पूर्णता की गारंटी देता है।

# हिंदी, संस्कृत, पंजाबी... शपथ ग्रहण के दौरान दिखी भाषाई विविधता










नयी दिल्ली । लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों ने सोमवार को जब शपथ ली तो भारत की भाषायी विविधता की झलक देखने को मिली। अधिकतर सदस्यों ने हिंदी में शपथ ली तो कई सदस्यों ने संस्कृत, असमिया, मैथिली, तेलुगू तथा पंजाबी एवं अन्य भारतीय भाषाओं में सत्य और निष्ठा की शपथ ली। प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, अनुराग ठाकुर, अरुण गोविल, शिवराज सिंह चौहान, कंगना रणौत, सैलजा, दीपेंद्र हुड्डा, नवीनि जंदल, चिराग पासवान और मनोहर लाल समेत कई मंत्रियों ने हिंदी में शपथ ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज की पुत्री बांसुरी स्वराज एवं सोनीपत से सतपाल ब्रह्मचारी समेत कुछ सांसदों ने संस्कृत में शपथ ली। चंडीगढ़ से कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी और बठिंडा से हरसिमरत कौर ने पंजाबी में शपथ ली।

# आपातकाल पर पीएम मोदी ने किए चार पोस्ट, कांग्रेस को घेरा



बेव डेस्क, चंडीगढ़, वर्ष 1975 में आज ही के दिन आपातकाल लगाया गया था। तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी के कहने पर राष्ट्रपति ने आपातकाल लगाया था। इस पर पीएम नरेंद्र मोदी कांग्रेस को घेरा और एक के बाद एक एक्स पर चार पोस्ट किए।


पहले पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा, आज का दिन उन सभी महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देने का दिन है जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया। रुक्ंताक्लेव्म्डिमतहमदबल हमें याद दिलाती है कि कैसे कांग्रेस पार्टी ने बुनियादी स्वतंत्रता को नष्ट कर दिया और भारत के संविधान को कुचल दिया, जिसका हर भारतीय बहुत सम्मान करता है।

दूसरे पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा, सत्ता पर टिके रहने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हर लोकतांत्रिक सिद्धांत की अवहेलना की और देश को जेलखाना बना दिया। जो भी व्यक्ति कांग्रेस से असहमत होता था उसे प्रताड़ित किया जाता था। सबसे कमजोर वर्गों को निशाना बनाने के लिए सामाजिक रूप से प्रतिगामी नीतियां लागू की गईं।

तीसरे पोस्ट में उन्होंने लिखा, जिन लोगों ने आपातकाल लगाया, उन्हें हमारे संविधान के प्रति अपना प्यार जताने का कोई अधिकार नहीं है। ये वही लोग हैं जिन्होंने अनगिनत मौकों पर अनुच्छेद 356 लागू किया। प्रेस की स्वतंत्रता को नष्ट करने के लिए विधेयक लाए। संघवाद को नष्ट किया और संविधान के हर पहलू का उल्लंघन किया।

चौथे पोस्ट में पीएम ने लिखा, जिस मानसिकता के कारण आपातकाल लगाया गया वह आज भी उस पार्टी में जीवित है जिसने इसे लगाया था। वे अपनी प्रतीकात्मकता के माध्यम से संविधान के प्रति अपने तिरस्कार को छिपाते हैं. लेकिन भारत के लोगों ने उनकी हरकतों को देख लिया है और इसीलिए उन्होंने उन्हें खारिज कर दिया है।

# लोकसभा अध्यक्ष के नाम पर आम सहमति के लिए राजनाथ ने विपक्षी नेताओं से की मुलाकात



नयी दिल्ली, लोकसभा अध्यक्ष के नाम पर आम सहमति बनाने के लिए सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (छक।) के प्रयासों के तहत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को विपक्षी दलों से संपर्क किया।

इस महत्वपूर्ण संसदीय पद के लिए छक। उम्मीदवार मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल करेगा।

सूत्रों ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने आम सहमति बनाने के प्रयासों के तहत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन सहित अन्य विपक्षी नेताओं से बात की।

उन्होंने बताया कि उपाध्यक्ष पद के लिए भी नामांकन दाखिल किया जा सकता है, लेकिन यह विपक्ष के रुख सहित विभिन्न कारकों पर निर्भर करेगा।

# Delhi water crisis:: अनशन पर बैठी आतिशी की तबियत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती



नयी दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी के लिए जल छोड़े जाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठीं दिल्ली की जल मंत्री आतिशी की तबियत बिगड़ गई है। उन्हें मंगलवार सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया। दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने यह जानकारी दी।

'आप' ने 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए बताया कि मंत्री को लोक नायक (एलएनजेपी) अस्पताल के आपातकालीन आईसीयू (सघन चिकित्सा इकाई) में भर्ती कराया गया है।

पार्टी ने कहा, ''जल संसाधन मंत्री आतिशी की तबीयत बिगड़ी। उनका शर्करा स्तर गिरकर आधी रात को 43 और देर रात तीन बजे 36 रह गया जिसके बाद एलएनजेपी अस्पताल के चिकित्सकों ने उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती करने की सलाह दी।'

?? जल मंत्री आतिशी जी की तबियत बिगड़ी ??

उनका इसववक`नहंत समअमस आधी रात को 43 और सुबह 3 बजे 36 तक गिर गया, जिसके बाद स्छश्रच् अस्पताल के डॉक्टरों ने तुरंत उन्हें भर्ती करने की सलाह दी। वह पिछले पांच दिनों से कुछ भी नहीं खा रही हैं और हरियाणा से दिल्ली के हिस्से का पानी जारी करने की पार्टी ने कहा, ''पिछले पांच दिन से आतिशी ने कुछ नहीं खाया है और वह दिल्ली के हिस्से का पानी छोड़े जाने की हरियाणा सरकार से मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं। उन्हें एलएनजेपी के आपातकालीन आईसीयू में भर्ती कराया गया है। हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं।' आतिशी ने 21 जून ने अनशन शुरू किया गया था।

# घरेलू बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी, सेंसेक्स चढ़ा



मुंबई,एशियाई बाजारों में मजबूती के बीच शुरुआती कारोबार में मंगलवार को घरेलू सूचकांकों में तेजी आई। बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 237.05 अंक चढ़कर 77,578.13 अंक पर पहुंच गया।

निफ्टी 65.8 अंक की बढ़त के साथ 23,603.65 अंक पर रहा। सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, स्टेट बैंक ऑफइंडिया और टाटा स्टील के शेयर सबसे अधिक फायदे में रहे।

एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी और एशियन पेंट्स के शेयरों को नुकसान हुआ। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग फायदे में रहे जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहा। अमेरिकी बाजार सोमवार को मिलेजुले रुख के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 85.99 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में सोमवार को बिकवाल रहे और शुद्ध रूप से 653.97 करोड़ रुपये की कीमत के शेयर बेचे।

# दिल्ली में एक मकान में लगी आग, दम घुटने से परिवार के चार सदस्यों की मौत



नयी दिल्ली, बाहरी दिल्ली में प्रेम नगर इलाके के एक मकान में आग लगने से एक परिवार के चार सदस्यों की दम घुटने के कारण मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि विभाग को सोमवार देर रात करीब साढ़े तीन बजे आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद दो दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि आग इमारत की पहली मंजिल पर एक इन्वर्टर में लगी जो पास रखे सोफे तक फैल गई। अधिकारी ने बताया कि आग लगने के कारण दम घुटने से चार लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दमकल कर्मी इन लोगों को मकान से बाहर निकालकर राव तुलाराम मेमोरियल अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सुन्दर एवं कलात्मक मुद्रण
युरेशिया प्रिंटिंग प्रेस
पोस्टर
पैम्पलेट
फ्लैक्स बैनर
फ्लैक्स बोर्ड
स्टेशनरी
पुस्तकें
रंगीन व ब्लैक एण्ड व्हाइट छपाई का एकमात्र स्थान
Email: ureshiyapress@gmail.com
9410231400
7533833844
7533833855
0121- 4324497
सूरजकुण्ड रोड (बाबा मनोहर नाथ मंदिर के सामने) मेरठ

# सब्जी एवं छिलकों से अब घर-घर बनेगी जैविक खाद

### नगर पालिका में नागरिकों को वितरित किए जैविक गृह खाद कंपोस्टिंग

### नगर पालिका द्वारा लोगों को पौधारोपण के लिए किया जाएगा जागरूकः संगल



युरेशिया संवाददाता

शामली। शहर को सुंदर एवं कचरामुक्त बनाने के लिए नगर पालिका शामली द्वारा अभियान शुरू किया गया है। नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने घरों में लगी बागवानी को सुंदर एवं कचरामुक्त बनाने के लिए जैविक गृह खाद कंपोस्टिंग का नगरवासियों को वितरण किया।

जानकारी के अनुसार सोमवार को नगर पालिका में ईओ रामेन्द्र सिंह के संचालन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं कचरामुक्त बनाने के लिए नगर पालिका द्वारा नगर क्षेत्र के घरों में लगी बागवानी को सुंदर एवं कचरामुक्त बनाने के लिए जैविक गृह खाद कंपोस्टिंग वितरित किए जा रहे हैं। इस काम में नगर पालिका में नवनिर्वाचित हुए ब्रांड एम्बेसडर द्वारा प्रति वार्ड में सभासद के सहयोग से उन घरों क सर्वे कराया जाएगा जिन घरों में पेड पौधे लगे हैं। वार्डवासियों को अभियान के तहत पौधारोपण के लिए जागरूक भी किया जाएगा ताकि नगर क्षेत्र को साफ स्वच्छ एवं कचरामुक्त बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि घरों में सब्जियों एवं छिलकों से अब घर-घर जैविक खाद बनाई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि आमतौर पर घरों से निकलने वाला सूखा या गीला कचरा पालीथीन में बंद कर आसपास की सडकों पर फेंक दिया जाता है, इससे जानवर भी प्रभावित होते हैं। घर से निकलने वाले कचरे के लिए दो डस्टबिन जरूर रखें। इस मौके पर सभासद रोबिन गर्ग, आशीष गुप्ता, सुनील कुमार, सुनीता जिंदल, अंकित शर्मा, सीमा चौधरी, मंजू शर्मा, सुरेशचंद शर्मा, राजपाल मालिक, डा. वीरेन्द्र गोयल सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# डीएम से की फर्जी समझौता खारिज करने की मांग

### ईंट भट्टा मजदूरों ने भट्टा मालिकों-फर्जी श्रमिक नेताओं पर लगाए आरोप



युरेशिया संवाददाता

शामली। जनपद के ईंट भट्टा मजदूरों ने कुछ फर्जी श्रमिक नेता व भट्टा मालिकों द्वारा मिलीभगत कर 130 रुपये गारे की कटौती करने व फर्जी रूप से समझौता कराने का आरोप लगाते हुए डीएम से समझौते को खारिज किए जाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार सोमवार को ईंट भट्टा मजदूरों ने डीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि भट्टा मालिक व कुछ फर्जी श्रमिक नेताओं की मिलीभगत से 130 रुपये गारे की कटौती की जा रही है। उन्होंने बताया कि 18 जून को जो समझौता भट्टा मालिकों व श्रमिक नेताओं के बीच हुआ है वह झूठा है। श्रमिक नेताओं में सतेन्द्र झाल व सुक्रमपाल आदि ने हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते को भट्टा मजदूर नहीं मानते जिस समझौते पर फर्जी हस्ताक्षर किए गए हैं वे भट्टे पर काम भी नहीं करते हैं। उन्होंने डीएम से शासन द्वारा निर्धारित मजदूरी 676 रुपये दिलाने व गारे की कोई कटौती न किए जाने की मांग की। इस मौके पर सुरेशपाल, बिट्टू, रामदत्त, रामप्यारी, नरेशो, सतपाल, नरेश, चंद्रबोस, ईश्वर, बबलू, संजय, पप्पू, नरेश, नरेन्द्र, सतबीर, अशोक, आशीष, अमित, अंकित, देवानंद, सन्नो आदि भी मौजूद रहे।

# अस्पताल में दिखी मरीजों की भीड, लगी रही लाइन

### गर्मी के चलते पेटदर्द, उल्टी व अन्य समस्याओं को लेकर पहुंच रहे मरीज



युरेशिया संवाददाता

शामली। इन दिनों पड रही भीषण गर्मी व उमस के कारण लोगों में बीमारियां भी बढने लगी है। लोगों में उल्टी, पेटदर्द, सिरदर्द व गले में दर्द शिकायतें देखने को मिल रही है। रविवार के अवकाश के बाद सोमवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय में भी मरीजों की अच्छी खासी भीड नजर आयी। चिकित्सक भी विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार इन दिनों पड रही गर्मी व उमस के कारण लोग बीमार हो रहे हैं जिससे चिकित्सकों के मरीजों की लाइन लगी हुई है। अस्पतालों में ज्यादा मरीज पेटदर्द, उल्टी, गले व सिरदर्द की समस्या लेकर उपचार को पहुंच रहे हैं। रविवार के अवकाश के बाद सोमवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय में मरीजों की अच्छी खासी भीड नजर आयी। चिकित्सकों के कक्षा के सामने मरीजों की लंबी-लंबी लाइनें नजर आयी। मरीजों में बच्चे, महिलाएं व बुजुर्गो की संख्या ज्यादा रही। चिकित्सकों ने भी मरीजों को इस मौसम में विशेष एहतियात बरतने की सलाह दी है। चिकित्सकों का कहना है कि गर्मी के मौसम में कई तरह की बीमारियां फैलती है जिससे सतर्क रहना चाहिए। गर्मी के मौसम में पानी का सेवन लगातार करना चाहिए, बाहर की चीजों से परहेज करना चाहिए, बाहर से आने के बाद ज्यादा ठंडे पानी का सेवन नहीं करना चाहिए, बाजार के कटे-फ्टे फ्लों का सेवन व बासी भोजन नहीं करना चाहिए तथा किसी भी तरह की समस्या आने पर चिकित्सकों से संपर्क कर उपचार कराना चाहिए।

# सेना में फ्लाइंग आफिसर बन मुकुल ने चमकाया शामली का नाम

### परिजनों में दौडी खुशी की लहर, काकानगर स्थित आवास पर यज्ञ आयोजित

युरेशिया संवाददाता

शामली। शहर के मौहल्ला काकानगर निवासी मुकुल राणा के सेना में फ्लाइंग अफ्सर बनने से परिजनों में खुशी की लहर दौड गयी। सोमवार को उनके आवास पर परिजनों द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार मूल रूप से जनपद बागपत के निरपुडा गांव व हाल में शहर के मौहल्ला काकानगर निवासी शिक्षक माता-पिता अनुसुईया मलिक व देवेन्द्र मलिक के पुत्र मुकुल राणा के एनडीए परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद एयरफोर्स एकेडमी में फ्लाइंग आफिसर के पद पर ज्वाइनिंग होने से परिजनों में खुशी की लहर दौड गयी है। मुकुल राणा ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा शामली के सिल्वर बैल्स स्कूल से की। बाद में उन्होंने एनडीए परीक्षा उत्तीर्ण की। 2020 में उनका चयन एयर फोर्स अकादमी में फाइटर स्ट्रीम में हो गया, जहां हैदराबाद में उन्होंने ट्रेनिंग ली, इससे पहले उन्हें एनडीए में रहते हुए ईयर क्राफ्ट उड़ाने का मौका मिला। उसके बाद एयर फोर्स अकादमी में एयरपोर्ट की फाइटर स्ट्रीम में सलेक्शन के पश्चात उन्होंने एयर क्राफ्ट उडान में प्रशिक्षण लिया। इसी माह एयरफोर्स अकादमी में अपना प्रशिक्षण पूरा करने के बाद फ्लाइंग आफिसर के रूप में एयर फोर्स ज्वाइनिंग कर लिया। सोमवार को काकानगर स्थित मुकुल के आवास पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जहां लोगों ने मुकुल राणा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने किया जनता दर्शन कार्यक्रम

युरेशिया संवाददाता



शामली। थानाभवन स्थित अपने फार्म हाउस पर पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमे उन्होंने नागरिकों की समस्याओं को सुन, संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनके निवारण के निर्देश दिए। भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने सोमवार को थानाभवन स्थित अपने फार्म हाउस पर जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें वहां पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुन उनको संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देशित किया, इन समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जाए, जिससे कि नागरिकों को एक ही समस्या के लिए बार-बार अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़े। साथ ही कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने अधिकारियों को हिदायत दी कि वो जनमानस की शिकायतों का प्रमुखता से निस्तारण कराएं, आम जनमानस को होने वाली असुविधाएं बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पुलिस द्वारा बैंको व संदिग्ध वाहनो का चेकिंग अभियान चलाया

युरेशिया संवाददाता



मीरापुर। रामराज पुलिस द्वारा बैंको व संदिग्ध वाहनो का चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने बैंक ग्राहको से बातचीत कर उन्हे लेनदेन करते समय सतर्कता बरतने के साथ-साथ सुरक्षा संबंधी उपायों की जानकारी दी। थाना प्रभारी दीपक चौधरी पुलिस कर्मचारियों के साथ रामराज क्षेत्र में आने वाले बैंको चौकिंग करने के लिए पहुंचे। उन्होने बैंक के अंदर मौजूद लोगो से लेनदेन करते समय सतर्कता बरतने की अपील की तथा बैंको में जाकर वहां लगे सुरक्षा उपकरणों, सायरन और सीसीटीवी कैमरों की जांच की। साथ ही एटीएम धारकों से अपना कार्ड किसी भी अनजान व्यक्ति के हाथों में न देने के अपील की। कहा कि किसी को भी एटीएम पासवर्ड न बताएं और एटीएम मशीन पर रुपये निकालने के दौरान अनजान व्यक्ति के सामने पासवर्ड डालने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होने शाखा प्रबंधकों को सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए और बताया कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति पर शक होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# बकरा चोरी के मामले में दो बाल अपचारी हिरासत में

युरेशिया संवाददाता

झिंझाना। पुलिस ने बकरा चोरी के मामले में दो बाल अपचारी को मेरठ करनाल हाईवे स्थित अहमदगढ़ फ्लाईओवर के नीचे से हिरासत में ले लिया। पुलिस ने दोनों बाल अपचरियों को न्यायालय में पेश किया है। इससे पहले बकरा चोरी के मुख्य आरोपी को पुलिस ने पड़कर जेल भेज दिया था। सोमवार को स्थानीय पुलिस ने बकरा चोरी के मामले में फरार चल रहे दो बाल अपचारी को मेरठ करनाल हाईवे स्थित अहमदगढ़ फ्लाईओवर के नीचे से गिरफ्तार किया है। दो दिन पूर्व क्षेत्र के गांव अब्दानगर से इस्माइल पुत्र हबीब के घर के बाहर से तीन युवकों द्वारा बाइक पर बकरा चोरी करने का के मामले में ग्रामीणों ने एक युवक वंश निवासी ग्राम मस्तगढ़ को बकरा तथा बाइक सहित पड़कर पुलिस को सौंप दिया था। पकड़े गए दोनों बाल अपचरी का पुलिस ने चालान कर दिया

# मंदबुद्धि युवक को अपना घर आश्रम भिजवाया



युरेशिया संवाददाता

झिंझाना। फुटपाथ पर वर्षो से जिंगादी बसर कर रहे मंद बुद्धि युवक को लोगों ने अपना घर अपना आश्रम शामली में भिजवाया। जहां आश्रम वालों ने उसे रखकर पहले ही दिन नहला धुला कर उसका हुलिया बदलते हुए साफसुथरे कपड़े पहना कर उसको अजय का नाम दिया है।

सोमवार को कस्बा निवासी प्रशांत गर्ग ने अपने साथियों की मदद से करीब दो साल से बाजार में अपनी जिंदगी बसर कर रहे मंदबुद्धि युवक को अपना घर अपना आश्रम शामली में भेज दिया है। गर्ग ने बताया कि मंदबुद्धि अपने और अपने स्वजनों के बारे में कुछ भी नहीं जानता है। सर्दी गर्मी बरसात के सभी मौसमों में किसी भी व्यापारी की दुकान के चबूतरे पर बे खौफबिस्तर लगाकर थक जाने पर आराम करता है। मंदबुद्धि युवक अधिकतर अपना डेरा थाने के सामने दुकानों के चबूतरे पर ही लगाता था

# छेडछाड, मारपीट व धमकी देने का एक आरोपी धरा

युरेशिया संवाददाता

शामली। शहर के मौहल्ला पंसारियान में छेडछाड, गाली गलौच, मारपीट व धमकी देने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मौहल्ला पंसारियान निवासी मामचंद ने कुलदीप सहित आठ लोगों के खिलाफमहिलाओं के साथ छेडछाड, गाली गलौच, मारपीट व विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी थी। सोमवार को कोतवाली पुलिस ने घटना में वांछित एक आरोपित संजय पुत्र रामचंद निवासी गांव मुंडेट थाना आदर्श मंडी को गिरफ्तार कर लिया जबकि अन्य की तलाश की जा रही है

# दो वारंटियों को पुलिस ने गिया गिरफ्तार

युरेशिया संवाददाता

मीरापुर। मारपीट व अन्य मुकदमो में वांछित चल रहे दो लोगो को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है।

इंस्पेक्टर मीरापुर दिनेश चन्द्र बघेल ने बताया कि थाने में दर्ज मामलो में वांछिल चल रहे अमजद पुत्र अशरफव इरशाद पुत्र रसीद अंसारी निवासीगण ग्राम सिकन्दरपुर को पुलिस ने उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# झिंझाना व गांवों में 12-12 घंटे की बिजली कटौती से हाहाकार

### भीषण गर्मी में लोग हो रहे परेशान, नहीं मिल रहा कहीं भी चौन

### पुरानी क्षमता वाले चल रहे ट्रांसफार्मर, नए कनेक्शन बढा रहा विद्युत विभाग

युरेशिया संवाददाता

झिंझाना। कस्बे से लेकर गांव तक 12-12 घंटे की बिजली कटौती ने लोगों को रुला रखा है। वहीं गर्मी में लोग बिलबिलाए हुए हैं। विद्युत विभाग लगातार नए कनेक्शन बढ़ता जा रहा है, जबकि ट्रांसफार्मर वहीं पुरानी क्षमता वाले चल रहे हैं। दो दिनों में इमाम साहब वाला ट्रांसफर पर दो बार फुक चुका है। जिसकी क्षमता 400 है तथा उसके ऊपर करीब 700 का लोड चल रहा है। लोगों का कहना है कि विद्युत विभाग जब नए कनेक्शन बढ़ा रहा है तो उसे ट्रांसफार्मर की क्षमता भी बढ़ानी चाहिए। विद्युत कटौती को लेकर कस्बे के लोगों में जबरदस्त रोष व्याप्त हुआ है। कस्बा से लेकर गांव तक प्रतिदिन 12-12 घंटे की कटौती से लोग बिलबिलाए हुए हैं। वहीं गर्मी भी अपने पूरे चरम सीमा पर है। जिससे लोगों का बुरा हाल है। कस्बे वासियों का कहना है कि दिन तो जैसे-जैसे कट जाता है लेकिन रात में बिजली नहीं आने से नींद पूरी नहीं हो रही है। गत दो दिनों से इमाम साहब वाला ट्रांसफार्मर दो बार ओवरलोड के चलते आग लगने से जल गया है। कस्बे के लोगों ने विद्युत विभाग पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब विद्युत विभाग कस्बे के लोगों को नए कनेक्शन दे रहा है तो ट्रांसफार्मर की क्षमता क्यों नहीं बढ़ा रहा है। कस्बे के उपभोक्ता लो वोल्टेज आने के कारण खासे परेशान हैं। न तो पंखे ही ठीक से चलते हैं और न ही चारा काटने की मशीन आदि सामान चल पाता है। एक जानकार ने बताया कि इमाम साहब में रखे ट्रांसफार्मर की क्षमता मात्र 400 है जबकि उस पर करीब 700 से अधिक लोड चल रहा है। ऐसे में ट्रांसफार्मर कैसे टिक पाएगा। विद्युत विभाग की अनदेखी से कस्बे के लोग भीषण गर्मी से परेशान है। लोगों में विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफरोष व्याप्त है।

# मारपीट करने वाले पांच आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया




युरेशिया संवाददाता

मीरापुर। कस्बे में स्थित एक मेडिकल स्टोर संचालक को घर जाते समय रात्रि में ग्राम भूम्मा के निकट रोक कर कुछ युवको ने जान से मारने की नियत से हमला कर दिया था। पुलिस ने मारपीट करने वाले पांच आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से एक तमन्चा, दो जिंदा कारतूस, एक कार व एक बाईक बरामद की है।

मुशर्रफउर्फपप्पू पुत्र मल्लू निवासी अकबरपुर सादात थाना बहसूमा जनपद मेरठ का मीरापुर में थावर वाली मस्जिद के निकट न्यू अरमान मेडिकल स्टोर है। मुशर्रफरोज की तरह अपना स्टोर बंद कर रात्रि में अपने घर जा रहा था। जब वह ग्राम भूम्मा में बाग के निकट पहुंचा तो उसे कार व बाईक सवार युवको ने रोक लिया तथा तमन्चा से डराते हुए उसके उपर जानलेवा हमला करते हुए मारपीट शुरू कर दी। कुछ ही देर में उधर से किसान गुजरे जिन्हे देखकर हमलावार जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गये। पीडित द्वारा हमला करने वाले युवको में से दो को पहचान लिया गया तथा आरोपियों के विरूद्ध थाने में तहरीर दी। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए घटना में शामिल आसेज उर्फइनाम पुत्र वली मौहम्मद व सुमित पुत्र नौबहार निवासीगण ग्राम अकबरपुर सादात थाना बहसुमा मेरठ, वंश पुत्र जयपाल, सचिन पुत्र जगपाल व बिलाल पुत्र जाहिद निवासीगण गाम जटवाडा थाना ककरौली को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक तमन्चा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, एक कार व बाईक बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया है।

# भगवंत इंस्टीट्यूट ऑफफार्मेसी के प्रथम वर्ष के छात्र मुकुल देव रहे कक्षा में अव्वल





युरेशिया संवाददाता

मीरापुर। भगवत इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के बी फार्मा प्रथम सेमेस्टर के छात्रों का परीक्षाफल अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी द्वारा घोषित किया गया जिसमें मुकुल देव ने 76.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान, अंकुर कुमार ने 71.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में द्वितीय स्थान व मोहम्मद इकरिमा ने 70.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

समस्त छात्रों को फॉर्मेसी विभाग के प्रधानाचार्य डॉ सचिन सिंघल ने बधाई व आशीर्वाद दिया व संस्था के निदेशक डॉ अनुराग विजय अग्रवाल जी ने सभी छात्रों को फार्मेसी के क्षेत्र में ओर उन्नति करने के लिए प्रेरित किया। छात्रों की काउंसलर अंशिका अग्रवाल ने शेष छात्रों को ओर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया साथ ही छात्र छात्राओं ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षको को दिया इसी के साथ सभी शिक्षकों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्था के सहनिदेशक डॉ अजय गुप्ता, सहायक निदेशक डॉ पुष्पनिल वर्मा, जीएम फाइनेंस दुष्यंत कुमार, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ आदित्य शर्मा व डीन डॉ अजय सिंह ने सभी छात्रों को बधाई दी।

# अध्यक्ष उ0प्र0 राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने विकास भवन सभागार में की मंडलीय समीक्षा बैठक

### नशे के विरूद्ध चलाया जाये अभियान- अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग

### स्कूलों से 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू उत्पाद विक्रेताओं पर की जाये कार्यवाही-?डा0 देवेन्द्र शर्मा

### बाल विवाह, बाल श्रम, भिक्षावृत्ति, मानव (बाल) तस्करी जैसी कुरीतियों के विरूद्ध की जाये सख्त कार्यवाही शराब की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जायें तथा 21 वर्ष से कम आयु वर्ग वालों को शराब विक्रय न की जाये



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। विकास भवन सभागार में अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) उ0प्र0 राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग डा0 देवेन्द्र शर्मा द्वारा मंडलीय समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में समाज कल्याण, श्रम, शिक्षा, जिला बाल संरक्षण इकाई, अल्पसंख्यक कल्याण, दिव्यांगजन कल्याण, आबकारी आदि विभागों द्वारा किये जा रहे बाल संरक्षण से जुडे कार्यो की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि जनपद में बाल श्रम बिल्कुल नहीं होना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारी को नशे के विरूद्ध अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्कूलों से 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू उत्पाद विक्रेताओं पर सख्त कार्यवाही की जाये। शराब की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जायें तथा 21 वर्ष से कम आयु वर्ग वालों को शराब विक्रय न की जाये। उन्होंने जिला, ब्लॉक, ग्राम स्तर पर बाल संरक्षण समिति की नियमित बैठके कराये जाने के निर्देश दिये। अध्यक्ष ने समाज कल्याण अधिकारी से एपीएस विद्यालय, अभ्युदय योजना, कस्तूरबा विद्यालय के संबंध में जानकारी प्राप्त की, जिस पर समाज कल्याण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि अभ्युदय योजनान्तर्गत जनपद के अधिकारियों द्वारा अध्यापन कार्य किया जा रहा है। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा पोषण अभियान के संबंध में जानकारी प्राप्त की। अध्यक्ष ने विद्यालयों में हॉट कुक के लिए की गई व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की जिस पर जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बताया गया कि हॉट कुक के लिए व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशाओं के ई-श्रम तथा आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के निर्देश दिये। अध्यक्ष ने जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रहरी क्लब बनाये जाने के निर्देश दिये ताकि बाल अधिकार से संबंधित समस्त जानकारी निचले स्तर तक पहुंचाई जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारी को शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत अधिक से अधिक बच्चों का पंजीकरण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बाल विवाह, बाल श्रम, भिक्षावृत्ति, मानव (बाल) तस्करी जैसी कुरीतियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये। उन्होने चौराहों पर भीख मांगने वाले बच्चो का स्कूलों में दाखिला कराये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसपी क्राईम अनित कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी अजित कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार सिंह, सीएमओ डा0 अखिलेश मोहन, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व मंडलीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर..

## योग शिविर के चौथे दिन मानसून के आगमन पर योग शिक्षार्थियों ने उत्सव



युरेशिया संवाददाता

छपरौली । नगर स्थित ऐम एज्युकेशन पब्लिक स्कूल में चल रहे निःशुल्क दस दिवसीय योग शिविर के चौथे दिन मानसून के आगमन पर योग शिक्षार्थियों ने उत्सव मनाते हुए योग शिक्षकों के सानिध्य में खुले आसमान के नीचे बरसात में योगाभ्यास किया। योग शिक्षार्थियों ने बरसात में स्नान करते हुए ध्यान, सर्वांसुन्दर व्याम और सुर्य नमस्कार का अभ्यास करते हुए बौद्धिक का आन्नद लिया। बौद्धिक वक्ता के रूप में उपस्थित डीएवी इण्टर कॉलेज बुढाना के शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता राकेश सरोहा ने कहा प्रकृति और पर्यावरण के वास्तविक रूप को समझना उसके वास्तविक रूप का आन्नद लेना ईश्वर को पाने के समान है। प्रदुषित होता पर्यावरण केवल मनुष्य के लिए ही नहीं अपितु सम्पूर्ण पृथ्वी के लिए संकट उत्पन्न कर सकता है। प्रकृति व पर्यावरण के प्रति अनावश्यक छेड़छाड़ हम सभी विनाशकारी है। इसीलिए हमें प्रकृति व पर्यावरण के प्रति जागरूक होने आवस्यकता है।

इस अवसर पर योग शिक्षक हरेन्द्र आर्य, दयानंद आर्य, हिमांशु आर्य, प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार आर्य, समाजसेवी आर0आर0डी0 उपाध्याय , नरेन्द्र आर्य, महेश आर्य, जगपाल सिंह, जितेन्द्र सिंह, विशाल दुहुण, वीरेन्द्र, विजयन्त, सोमदत्त शर्मा, युवराज सुर्या उपाध्याय, देव, अर्जुन, हर्षित, शिवम्, युवराज, कार्तिक, शिवा आदि उपस्थित रहे।

## बंदरो के झुड़ ने महिला पर हमला बोल किया घायल

धर्मपाल सैनी / युरेशिया

रटौल मे बंदरो के झुड़ ने एक महिला पर हमला बोल घायल कर दिया ग्रामीणो ने उच्च अधिकारीयो से बंदरो को पकड़वाने की मांग की है।

रटौल में पिछले तीन वर्षो से बंदरो का आतंक बना हुआ है बंदर आय दिन किसी न किसी पर हमला बोल घायल करते रहते है रटौल निवासी जमीला पत्नी खुरशेद अपने घर की छत पर सोयी हुई थी तभी बंदरो का एक झुड़ वहा पहुंचा और महिला पर हमला बोल घायल कर दिया महिला के शोर मचाने पर परिजन वहा पहुचें और घायल महिला को निजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया कस्बावासीयो ने बताया की रटौल में बंदरो का आतंक बना हुआ है पिछले तीन वर्षो में बदंर लगभग सौ लोगो पर हमला कर घायल कर चुके है जबकि बंदरो के हमले के कारण दो लोगो की जान भी जा चुकी है कस्बे के लोगो ने बताया की ईपीई पर लोग शहरो से बंदरो को पकड़ छोड़ जाते है वहा से यह बंदर कस्बे मे पहुंच आतंक मचाते है कस्बे के लोगो ने उच्च अधिकारीयो से बंदरो को पकड़वाने की मांग की है।

## पदक विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित



नीलकंठ / युरेशिया

बड़ौत। बागपत किक बोक्सिंग एसोसिएशन एकेडमी ने पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। नगर के एक रेस्टोरेंट मे सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमे बागपत किक बॉक्सिंग एसोसिएशन एकेडमी ने रेफरी सौरभ नैन ने बताया की 23 जून को हुई तीसरी राज्य स्तरीय खेलो इंडिया स्पोर्टस फेडरेशन चौम्पियनशिप में बागपत के खिलाडियों का दबदबा रहा। चौंपियनशिप मे बागपत, के खिलाड़ियों ने पदको की झड़ी लगाई।जिसमे कबड्डी में सौरभ शर्मा, पुनीत, वेद, सागर पंवार ने स्वर्ण पदक, डिस्क थ्रो में उपवन ने स्वर्ण व आरव शर्मा ने रजत पदक कब्जाया। लॉन्ग जंप मे रूही नैन, आयुष व निकुंज ने स्वर्ण पदक हासिल किया।पावर लिफ्टिंग मे कुमारी दीपा शर्मा ने स्वर्ण पदक तथा जैवलिंग थ्रो मे नितिन ने स्वर्ण पदक जीता। वही 100 मीटर रेस में अंश ने रजत पदक अपने नाम किया। खिलाडियों की उपलब्धियों पर इंटरनेशनल किक बोक्सिंग रेफरी सौरभ नैन तथा अध्यक्ष मनोज तोमर व एथिलिट कोच दीपक ने बहुत ही हर्ष जताया।वही खिलाडियों के परिजनों में भी खुशी का माहौल रहा। इस अवसर पर उपनिरीक्षक राजबीर नैन, तपा मैन पाल तोमर व राजीव आदि सदस्यों ने खिलाडियो को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते हुए अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

## 25 जून को काला दिवस मनाएगी भाजपा



युरेशियासंवाददाता

बागपत। भाजपा प्रदेश कमेटी के निर्देश पर 25 जून को आपातकाल को याद कर भाजपा पार्टी संगोष्ठी कर भाजपा के जिला कार्यालय पर काला दिवस मनाएगी। चमरावल रोड़ पर भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने बताया कि 25 जून 1975 को तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर आपातकाल की घोषणा की थी और पूरे देश में आपातकाल लगा दिया। यह भारत के इतिहास में सबसे काला दिन था।

उन्होंने कहा देशभर में विपक्षी नेताओं और संघ परिवार के सदस्यों को जेल में बंद कर दिया गया था। समाचार पत्रों और मीडिया पर अंकुश लगा दिया गया था। इस दिवस को याद कर 25 जून को भाजपा कार्यालय पर संगोष्ठी कर काला दिवस मनाएगी। उन्होंने बताया कि संगोष्ठी के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री दिनेश खटीक व कार्यक्रम संयोजिका सरिता चौधरी को बनाया गया है।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा ने कहा कि पार्टी कार्यालय पर संगोष्ठी से पहले प्रदेश सरकार में जल शक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटीक पत्रकार वार्ता करेंगे। इस दौरान जिला मंत्री सत्यपाल उपाध्याय, नगर अध्यक्ष संदीप वशिष्ठ, डॉ मनीष कुशवाहा, लोकसभा विस्तारक सत्यम उपाध्याय, प्रभात तोमर, अंकुर आदि मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने प्रतिष्ठानों पर चलाया विशेष अभियान

### प्रतिष्ठानों पर है गंदगी गुणवत्ता युक्त नहीं दे रहे खाद्यय पदार्थ ऐसे प्रतिष्ठानों की करें खाद्य विभाग को सूचित जिन पर हो सके प्रभावी कार्यवाही

### होटल कार्निवल की रसोई में गंदगी मिलने पर और 2 दिन पुरानी ग्रेवी मिलने पर खाद्यय विभाग की टीम ने की कार्यवाही

### प्रतिष्ठानों के खाद्य पदार्थो के खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने भरे नमूने



युरेशिया संवाददाता

बागपत। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में जनपद में खाद्य एवं पेय पदार्थो में मिलावट पर रोकथाम किए जाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा माह जून में विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत सहायक खाद युक्त मानवेंद्र सिंह के नेतृत्व में खास सुरक्षा विभाग की टीम फील्ड में निकली हुई है और जिन प्रतिष्ठानों पर गुणवत्ता युक्त भोजन नहीं दिया जा रहा है और रसोई में गंदगी है ऐसे प्रतिष्ठानों को चिन्हित करते हुए उन पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है जिन प्रतिष्ठानों पर एक्सपायर तिथि की भी खाद्य सामग्री प्राप्त हो रही है उन्हें नष्ट कराया जा रहा है और खाद्य पदार्थों के नमूने भी लिए जा रहे हैं जिसके क्रम में आजरू-

1. होटल कार्निवल बागपत का निरीक्षण किया गया जिसमे किचन में बहुत गंदगी पायी गई व 2 दिन पुरानी ग्रेवी फ्रिज में पाये जाने पर नष्ट कराते हुए तत्काल नोटिस जारी किया गया एवं मिलावट के संदेह पर पनीर एवं बटर का नमूना भी संग्रहित किया गया।

2.प्रतीक मिनी मार्ट, सिसाना बागपत का निरीक्षण करने पर एक्सपीयर्ड हल्दी, बेसन, नमकीन आदि पाये जाने पर 10 ाह हल्दी व अन्य खाद्य पदार्थ नष्ट कराये गये।

3. ?रिलायंस जिओ मार्ट चमरावल रोड से मदर डेरी दूध एवं क्वालिटी वॉल्स फ्रोजेन डेजर्ट का नमूना संग्रहित किया गया।

4. ?तुषार फौजदार बागपत से आइसक्रीम एवं अमूल दूध का नमूना संग्रहित किया गया।

5. ?जाहिद डेरी बागपत से आनंदा ब्रांड दूध एवं पनीर के नमूने संग्रहित किए गए।

6. ?जेपीएलस फर्म खेकड़ा से दूध एवं पनीर के नमूने संग्रहित किए गये।

7. ?सलमान से पनीर, राहुल रटोल से रूह अफ्जा शरबत एवं सुधीर रटोल से ड्राई फ्रूट के नमूने संग्रहित किए गए

मानवेंद्र सिंह सहायक आयुक्त खाद्य के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है जिसमे अंकिता श्रीवास्तव, रमेश चंद्र खाद्य सुरक्षा अधिकारी शामिल रहे।

## ओवरब्रिज के निर्माण में तेजी लाने के लिए नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि और भाजपा नेता ने डीएम से की भेंट



नीलकंठ /युरेशिया

बागपत। बड़ौत नगर के बिनौली और बुढ़ाना रोड़ पर रेलवे के ऊपर पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। इसी को लेकर नगरपालिका अध्यक्ष बबीता तोमर के प्रतिनिधि डॉ वरूण तोमर व भाजपा नेता शिवेन्दु दत्त शर्मा के नेतृत्व में बड़ौत के सभासदों ने डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह से मिलकर शीघ्र ही निर्माण कराए जाने की मांग करते हुए पत्र सौंपा।इस दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ वरूण तोमर कहा बड़ौत नगर के बिनौली रोड़ व बुढाना रोड पर रेलवे पुलों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। लगभग 2 वर्षो से चला हुआ यह कार्य कछुआ गति से चल रहा है। उन्होंने कहा कि जहां पर कार्य चल रहे हैं। उन दोनों मार्गों की हालत बहुत खराब हो गयी है। जहां पर जनता को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा अगले महिने से कांवड़ियों की यात्रा भी शुरू हो जायेगी। हजारों शिव भक्त हरिद्वार से गंगाजल लेकर इस मार्ग से पैदल चलकर आते हैं। जो हरिद्वार से गंगा जल लेकर मध्य प्रदेश, हरियाणा व राजस्थान को जाते हैं। परंतु इस मार्गों पर पैदल चलना भी दुभर हो गया है। उन्होंने बताया कि यह दोनों रास्ते शहर के मुख्य रास्ते हैं। रास्ता बाधित होने के कारण आए दिन दुर्घटना होती रहती है। जिस कारण जनता में रोष व्याप्त है। बताया कि दोनों पुलो के निर्माण कार्य कराये जाने हेतु पहले भी परियोजना प्रबंधक, उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड, सेतु निर्माण इकाई मेरठ को भी पत्र लिखा जा चुका है। परंतु आज तक उनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। भाजपा नेता शिवेन्दु दत्त शर्मा ने कहा कुछ दिनों बाद अब बारिश शुरू हो जाएगी। दोनों पुलों के निर्माण के कारण जल निकासी की समस्या रहेगी। जिससे जनमानस के आवागमन में बाधा उत्पन्न होगी। उन्होंने कहा नगर में व्यापारियों का व्यापार भी पूरी तरह से चौपट हो चुका है। दिनभर दुकानों पर खाली बैठकर दुकानदार ग्राहक आने का इंतजार करते रहते हैं।

नगर में एकमात्र सिनेमा आई म्यूजिका मनोरंजन का साधन है। जिसमें रास्ता बंद होने के कारण दर्शक नहीं आ रहे हैं। सभी सभासदों ने डीएम से आने-जाने के लिए एक वैकल्पिक रास्ता बनाने का प्रस्ताव भी दिया।

इस दौरान सभासद विक्रांत तोमर, सत्य प्रकाश जांगिड़, डॉ अनिल खटीक, भाजपा मीडिया प्रभारी पवन शर्मा रमेश शर्मा, पोविन्द्र तोमर, श्यामबाबू, सुधाकर सिंह, रोहित शर्मा, अंकुर चावला आदि मौजूद रहे।

## कोणार्क विद्यापीठ के प्रधानाचार्य अतुल गोस्वामी शिक्षा पद्म सम्मान से सम्मानित




विपुल जैन / युरेशिया

बागपत। कोणार्क विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य अतुल कुमार गोस्वामी को ऑल इंडिया प्रिंसिपल्स एसोशिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवदीप भारद्वाज एवं उत्तर प्रदेश अध्यक्ष शेखर अवस्थी ने रूट्स ग्रुप ऑफइंस्टिट्यूशन बिजनौर में आयोजित सम्मान समारोह में शिक्षा पद्म सम्मान से सम्मानित किया।

अतुल कुमार गोस्वामी को उनके शिक्षा में 20 वर्षों के योगदान के लिए सम्मानित किया गया है प् अतुल कुमार गोस्वामी जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश के ऑल इंडिया प्रिंसिपल्स एसोशिएशन के वाइस प्रेसिडेंट भी रहे हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अतुल कुमार गोस्वामीको इस उत्कृष्ट सम्मान के लिए विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र धामा, उप प्रबंधक अंकित धामा एवं रामचंद्र शर्मा ने बधाई दी है। विद्यालय के अध्यापकों जिनमें शक्ति राजदान, नरेश कुमार, मेघा धामा, सुमन, सविता शर्मा, शालु जैन, मोनिका कौशिक, नलिनी शर्मा, शालिनी शर्मा, विचित्रमणि त्यागी, अंशु तोमर, रुचिका यादव, बिशप शर्मा आदि ने बधाई दी है एवं बच्चों में भी हर्ष का माहौल रहा।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती जी को दी श्रद्धांजलि



विपुल जैन / युरेशिया

बागपत। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पहले मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती का 59 वा स्मृति दिवस कोर्ट रोड भजन विहार गली नंबर 6 स्थित ब्रह्माकुमारी मेडिटेशन सेंटर में मनाया गया।

इस मौके पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बागपत की जिला प्रभारी गीता दीदी ने मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती जी के जीवन पर प्रकाश डाला। बताया कि मातेश्वरी जगदंबा को मम्मा कहा जाता था। मम्मा इसलिए उनका नाम पड़ गया था, क्योंकि बहुत कम उम्र में ही उन्होंने ज्ञान का अपने अंदर धारण कर लिया था, जिसके कारण सब उनको मम्मा कहते थे। वह सबका मान-सम्मान करती थी और पूरे ब्राह्मण परिवार की लाडली थी। मम्मा की विशेषताओं में प्रमुख रूप में मम्मा हर घड़ी को अंतिम घड़ी समझ कर चलती थी और निमित्त निर्माण भाव से सेवा करती थी। सभी को दान करना सिखाती थी। मम्मा कभी भी किसी को परिवर्तन के लिए नही बोलती थी।खुद परिवर्तन करके उनके सामने एक उदाहरण बनती थी। वह आज्ञाकारी वफादार होकर सदा परमात्मा की श्रीमद् पर चलती थी। वह छोटे से लेकर बड़ों तक सबको प्यार करती थी। ऐसी मातेश्वरी मां जिसको सब प्यार से मम्मा कहते थे, उनका आज स्मृति दिवस मनाया गया। इसमें काफी भाई बहन सहभागी रहे।सबके लिए ब्रह्मा भोजन की व्यवस्था रखी गई थी। सभी ने मिलकर संकल्पों के साथ मम्मा को श्रद्धांजलि दी। सभी ने मम्मा की विशेषता को धारण कर अपने जीवन में परिवर्तन लाने का संकल्प किया। इस मौके पर गोपाल जी, नीरज वर्मा उर्फ मोनू आदि समेत काफी भाई बहन मौजूद थे।

## रेत से भरा डंफर ओवरलोड होने के कारण नहर में पलटा



युरेशियासंवाददाता

बड़ौत। यमुना खादर में चल रहे रेत खनन से रेत भरकर एक डंफर बड़ौत में कोताना रोड के पूर्वी यमुना नहर पुल पर पहुंचा। ओवरलोड होने की वजन होने से नहर का पुल व रेलिंग का हिस्सा टूट कर ट्रक नहर में पलट गया। डंफर पलटते ही आसपास के लोगों में भगदड़ मच गई। लोगों का कहना है कि कोताना गांव में चल रहे रेत खनन के धंधे को बंद किया जाए। यहां आगे भी बड़ा हादसा हो सकता है। आसपास के दुकानदारों ने खनन विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए प्रदर्शन किया। रेत के ट्रक का चालक इरफान व परिचालक अमन निवासीगण बड़ावद कोताना रेत खनन स्थल से बड़ौत की ओर आ रहे थे। जब ट्रक पूर्वी यमुना नहर पर पहुंचा तो भारी वजन होने से पुल का एक हिस्सा टूट गया। रेलिंग तोड़ते हुए ट्रक पूर्वी यमुना नहर पर पलट गया। ट्रक के आगे व पीछे वाहन चल रहे थे। वह किसी तरह से बच गए। लोगों में भगदड़ मच गई। ट्रक में फंसे चालक व परिचालक को लोगों ने किसी तरह ट्रक से बहार निकाला। उन्हें नगर की सीएचसी में भर्ती कराया। चालक की रीढ़ की हड्डी में चोट थीं। उसके परिजनों को पुलिस ने सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने पुल के दोनों ओर लगे जाम को किसी तरह से खुलवाया। तब यातायात चालू हो सका। टूटे पुल पर अब भारी वाहनों का आवागमन बंद हो गया।

## साड़ ने किसान पर हमला बोल किया घायल

### ग्रामीणो ने आवारा पशुओं को पकड़वाने की मांग

धर्मपाल सैनी / युरेशिया

लहचौड़ा गांव में खेत पर काम कर रहे एक किसान पर साड़ ने हमला बोल घायल कर दिया आय दिन आवारा पशु लोगो पर हमला बोल घायल कर रहे है ग्रामीणो ने प्रशासन से आवारा पशु पकड़वाने की मांग की है।

लहचौड़ा निवासी महपाल पुत्र राजगीर अपने खेतो पर काम कर रहा था तभी एक साड़ ने उन पर हमला बोल दिया पडौस मे ही काम कर रहा उसके पुत्र ने देखा तो बचाने दौड़ पड़ा लेकिन साड़ उसे भी टक्कर मारने लगा तभी अन्य ग्रामीण वहा पहुचें और साड़ को भगाया वही किसान को उपचार के लिए निजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया ग्रामीणो ने बताया की गांव और जगंल मे आवारा पशुओं का आतंक बना हुआ है,एक सप्ताह पहले भी साड़ ने किसान नेता शिवदत्त पर हमला बोल घायल कर दिया था वही गांव मे आय दिन हमला बोल घायल करते रहते है इसके अलावा फसलो को भी नुकसान पहुंचा रहे है ग्रामीणो ने उच्च अधिकारीयो से आवारा पशुओं को पकड़वाने की मांग की है।

## साड़ ने किसान पर हमला बोल किया घायल

### ग्रामीणो ने आवारा पशुओं को पकड़वाने की मांग



धर्मपाल सैनी / युरेशिया

लहचौड़ा गांव में खेत पर काम कर रहे एक किसान पर साड़ ने हमला बोल घायल कर दिया आय दिन आवारा पशु लोगो पर हमला बोल घायल कर रहे है ग्रामीणो ने प्रशासन से आवारा पशु पकड़वाने की मांग की है।

लहचौड़ा निवासी महपाल पुत्र राजगीर अपने खेतो पर काम कर रहा था तभी एक साड़ ने उन पर हमला बोल दिया पडौस मे ही काम कर रहा उसके पुत्र ने देखा तो बचाने दौड़ पड़ा लेकिन साड़ उसे भी टक्कर मारने लगा तभी अन्य ग्रामीण वहा पहुचें और साड़ को भगाया वही किसान को उपचार के लिए निजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया ग्रामीणो ने बताया की गांव और जगंल मे आवारा पशुओं का आतंक बना हुआ है,एक सप्ताह पहले भी साड़ ने किसान नेता शिवदत्त पर हमला बोल घायल कर दिया था वही गांव मे आय दिन हमला बोल घायल करते रहते है इसके अलावा फसलो को भी नुकसान पहुंचा रहे है ग्रामीणो ने उच्च अधिकारीयो से आवारा पशुओं को पकड़वाने की मांग की है।

## विपत्ति में साथ निभाने वाला ही सच्चा मित्र- सविता आर्य

नीलकंठ /युरेशिया



बड़ौत। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा जनपद बागपत के द्वारा स्वामी दयानंद सरस्वती की 200 वी जयंती वर्ष के कार्यक्रमों के उपलक्ष में चौ यशवीर राणा दाहा के आवास पर 198 वां यज्ञ संपन्न हुआ। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा बागपत के मंत्री रवि शास्त्री ने कहा जो कल्याणकारी आचरण हो वही आचरण धर्म है। हम सभी अपने जीवन को धर्म की शिक्षाओं के साथ आगे बढ़ाएं। जिससे जीवन में सुख शांति मिल सके। सविता आर्या ने कहा जो विपत्ति के समय मुसीबत में काम आए वही मित्र है। जिला सभा के द्वारा 200 यज्ञ का कार्यक्रम लगातार जारी है। आर्य समाज का काम अंधविश्वास के खिलाफजन जागरण करना है।जिसे हम लगातार जारी रखेंगे। ऋषि पाल आर्य खरड़ ने भजनों के माध्यम से कहां एक दूसरे से वैर भाव त्यागना होगा। इस अवसर पर प्रिया देवी मजिस्ट्रेट करनाल, पूर्व प्रधानाचार्य रामपाल सिंह तोमर, विजय सिंह राठी, देवेंद्र राणा, राजेंद्र निरपुडा, रामकुमार, सतबीर फौजी, राजपाल, मनोज त्यागी, नीलम देवी, संतोष देवी, अनुष्का, आदि उपस्थित रहे।

## सपाइयो ने मनाया वीरांगना दुर्गावती का बलिदान दिवस



नीलकंठ /युरेशिया

बागपत। सपा कार्यालय पर सोमवार को वीरांगना महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया गया। सपा कार्यकर्ताओ ने इस मौके पर शहर के पार्टी कार्यालय में स्वाभिमान सभा का आयोजन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष रविंद्र देव ने कहा कि गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस समाज के लोगों को एकजुट करने का एक अवसर है। इस अवसर पर हमें समाज के उत्थान का संकल्प लेना चाहिए। जिलाध्यक्ष रविंद्र देव ने बताया कि रानी दुर्गावती का जन्म पांच अक्टूबर वर्ष 1524 में बांदा जिले के चंदोलवंश के राजा कृति सिंह के वहां हुआ था। विवाह गोंडवाना साम्राज्य के राजा संग्राम सिंह के पुत्र दलपत शाह से हुआ, लेकिन दुर्भाग्यवश चार वर्ष बाद ही राजा दलपत शाह का निधन हो गया। पति के निधन के समय दुर्गावती का पुत्र नारायण तीन वर्ष का ही था, इसलिए रानी को स्वयं शासन संभालना पड़ा। वर्तमान जबलपुर उनके राज्य का केंद्र था। रानी ने 16 वर्ष तक इस क्षेत्र में शासन किया। इनके कुशल प्रशासक और शौर्य के चर्चे अधिक थे। 24 जून, 1564 को वह युद्धभूमि में लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुई। इनके संघर्षो से आज की युवा पीढ़ी और बालिकाओं को प्रेरणा लेने की जरुरत है। इस मौके पर दिलशाद उस्मानी, संजय डीलर, रिजवान, सुरेंद्र सिंह, राहुल यादव, विक्रांत यादव, मेहबूब अल्वी, सन्नी सुलानिया, फुरकान पहलवान, मातू जाटव आदि मौजूद रहे।

## स्यादवाद जैन एकेडमी की टॉपर छात्रा आयुषी त्यागी को किया सम्मानित

विपुल जैन / युरेशिया




बागपत। स्यादवाद जैन एकेडमी बड़ागांव विद्यालय की 12वी की टॉपर छात्रा आयुषी त्यागी को ऑर्चिड आडोटोरियम दिल्ली में सम्पन्न हुए सन्मति फाउंडेशन के कार्यक्रम में 11 हजार रुपये की धनराशि व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्रा आयुषी त्यागी की इस उपलब्धि पर लोगों ने उसे बधाई दी है, साथ ही अन्य बच्चों को भी उससे प्रेरणा लेने की बात कही है। स्यादवाद जैन एकेडमी बड़ागांव का हर वर्ष परीक्षाफल काफी अच्छा रहता है और यहां के छात्र-छात्राएं जनपद के टॉपर बच्चो की सूची में अपना नाम दर्ज कराते हैं। इस मौके पर सन्मति फाउंडेशन के अध्यक्ष महेंद्र कुमार, अनिल कुमार, राज्यसभा सांसद नवीन जैन, त्रिलोक तीर्थ धाम बड़ा गांव के प्रबंधक त्रिलोक चंद जैन, प्रदीप त्यागी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# भ्रष्टाचार के पुल

## सख्त कानून रोकेंगे सार्वजनिक निर्माण में भ्रष्टाचार



संजय त्यागी 'महादेव'

बरसात आने से पहले ही बिहार में एक सप्ताह के भीतर एक के बाद एक तीन पुलों का गिरना सार्वजनिक निर्माण में व्याप्त भ्रष्टाचार व धांधलियों को बेनकाब करता है। लगातार धड़ाधड़ गिरते पुल न केवल ठेकेदारों बल्कि उन्हें संरक्षण देने वाले राजनेताओं पर भी सवालिया निशान लगाते हैं। एक सप्ताह के भीतर बिहार के मोतिहारी में रविवार को एक पुल गिरने की तीसरी घटना हुई। इससे पहले अररिया और सिवान में भ्रष्टाचार के पुल गिरे थे। पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में डेढ़ करोड़ की लागत से बनने वाला जो पुल गिरा, उसकी एक दिन पहले ही ढलाई हुई थी। रात में पुल भरभरा कर गिर गया। यदि यह पुल यातायात खुलने के बाद गिरता तो न जाने कितनी जानें चली जातीं। आरोप है कि घटिया सामग्री के कारण पुल बनने से पहले गिर गया। शनिवार को सिवान में गंडक नहर पर बना तीस फीट लंबा पुल गिर गया, जो चार दशक पहले बना था। इसी तरह मंगलवार को अररिया में बारह करोड़ की लागत से बना पुल गिर गया था। पुल के तीन पाये ध्वस्त हो गए थे। बिहार में निर्माण कार्यों में धांधलियों का आलम यह है कि पिछले पांच सालों के दौरान दस पुल निर्माण के दौरान या निर्माण कार्य पूरा होते ही ध्वस्त हो गए। उल्लेखनीय है कि बीते साल जून में भागलपुर में गंगा नदी पर करीब पौने दो हजार करोड़ की लागत से बन रहे पुल के गिरने पर भारी शोर मचा था। लेकिन उसके बाद भी हालात नहीं बदले। पुलों के गिरने का सिलसिला यूं ही जारी है। जो बताता है कि नियम-कानून ताक पर रखकर बेखौफघटिया सामग्री वाले सार्वजनिक निर्माण कार्य जारी हैं। जाहिर है ऊपर से नीचे तक की कमीशनखोरी और जनता की कीमत पर मोटा मुनाफा कमाने वाले ठेकेदारों की मनमानी जारी है। तभी निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग बेखौफकिया जा रहा है। यदि शासन-प्रशासन का भय होता तो पुल यूं धड़ाधड़ न गिर रहे होते।

सवाल ये उठता है कि आजादी के सात दशक बाद भी हम देश की विकास परियोजनाओं की गुणवत्ता की निगरानी करने वाला तंत्र क्यों विकसित नहीं कर पाए? यह जरूरी है कि सार्वजनिक निर्माण गुणवत्ता का हो और उसका निर्माण कार्य समय पर पूरा हो। इन योजनाओं को इस तरह डिजाइन किया जाए, जिससे कई पीढ़ियों को उसका लाभ मिल सके। साथ ही वह दुर्घटनामुक्त और जनता की सुविधा बढ़ाने वाला हो। मगर विडंबना देखिए कि बिहार के पुल उद्घाटन से पहले ही धराशायी हो रहे हैं। स्पष्ट है कि मोटे मुनाफे के लिए घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। वहीं दूसरा निष्कर्ष यह है कि जिन लोगों का काम निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की निगरानी करना होता है, वे आंखें मूंदे बैठे हैं। जो समाज में मूल्यों के पराभव व आपराधिक तत्वों की निर्माण कार्यों में गहरी दखल को ही दर्शाता है। यही वजह है कि भारी यातायात के दबाव वाले दौर में पुल अपना ही बोझ नहीं संभाल पा रहे हैं। यूं तो कभी किसी हादसे की वजह से भी पुल गिर सकते हैं, मगर निरंतर कई पुलों का कुछ ही दिनों में गिरना साफबताता है कि दाल में काला नहीं बल्कि पूरी दाल ही काली है।

## बजाज आलियांज लाइफइन्वेस्ट प्रोटेक्ट गोल के साथ मिलेगी बेमिसाल वित्तीय सुरक्षा




युरेशिया संवाददाता

मेरठ रू भारत में निजी क्षेत्र की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, बजाज आलियांज लाइफइंश्योरेंस ने आज बजाज आलियांज लाइफइन्वेस्ट प्रोटेक्ट गोल का नया वर्जन लॉन्च किया है। कंपनी ने इसमें सुरक्षा को सबसे ज्यादा अहमियत देने वाले अपने इनोवेटिव यूलिप (ULIP)प्लान पर फिर से जोर दिया है, जिसके तहत एक ही प्लान में अधिकतम लाइफकवर के साथ-साथ बाजार से जुड़े रिटर्न की पेशकश की जाती है। कंपनी ने ग्राहकों को अपने परिवार के जीवन लक्ष्यों की हिफाजत करने के साथ-साथ धन कमाने में मदद करने के लिए इस प्रोडक्ट को डिजाइन किया है। इसके अलावा, ग्राहक इस प्लान के साथ दिए जाने वाले राइडर्स के माध्यम से विकलांगता और मृत्यु के खिलाफअतिरिक्त दुर्घटना कवर का भी लाभ उठा सकते हैं।

मौजूदा दौर में भारतीय बाजार का तेज गति से विकास हो रहा है, जो निवेश के लिए आशाजनक अवसर प्रदान कर रहा है। इस तरह के मजबूत आर्थिक माहौल से किसी भी व्यक्ति के लिए धन कमाने की संभावनाओं का दायरा काफी बढ़ जाता है। आर्थिक प्रगति के अलावा, इंसान को मृत्यु या विकलांगता जैसी जीवन की अनिश्चितताओं से भी सुरक्षा की जरूरत होती है। इसी के अनुरूप, बजाज आलियांज लाइफइन्वेस्ट प्रोटेक्ट गोल आपके लिए सुरक्षा और प्रगति का बेजोड़ संगम है, साथ ही यह आपको अपनी जरूरत के अनुसार जीवन बीमा की रकम चुनने की सुविधा भी देता है। बजाज आलियांज लाइफके इस प्लान में ढेर सारी सुविधाओं को शामिल किया गया है, जो किसी व्यक्ति के लिए सुरक्षा और अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सबसे बेहतर फैसला हो सकता है।

इसके अलावा, कई ऐसे कारण भी हैं जो बजाज आलियांज लाइफइन्वेस्ट प्रोटेक्ट गोल के ग्राहकों को लंबे समय तक इस नए प्रोडक्ट में अपने निवेश को बरकरार रखने के लिए प्रेरित करते हैं, जिनमें शामिल हैं:

निवेश को बरकरार रखने के पुरस्कार के रूप में लॉयल्टी एडिशन

फंड मेंटेनेंस बूस्टर, जो सुनिश्चित करता है कि ग्राहक चुनी गई पॉलिसी अवधि के दौरान सुरक्षित रहें

बजाज आलियांज लाइफइन्वेस्ट प्रोटेक्ट गोल 7वें पॉलिसी वर्ष से प्रीमियम आवंटन शुल्क की वापसी और मृत्यु शुल्क की वापसी भी प्रदान करता है, जो ग्राहकों के फंड वैल्यू को बढ़ाने में मदद करता है।




# खुद के फैसलों पर अडिग सेनानी सुचेता कृपलानी

## जयंती आज

कृष्ण प्रताप सिंह



वर्ष 1936 में महात्मा गांधी द्वारा विरोध के बावजूद उनके 'दाहिने हाथ' आचार्य जेबी कृपलानी से प्रेम विवाह। साल 1940 में महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष के उद्देश्य से अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का गठन। फिर 1963 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू द्वारा ऐतराज की उपेक्षा कर उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री पद ग्रहण करना। बिना झुके अपना रास्ता चुनने की स्वतंत्रता से जीवन भर कोई समझौता गवारा नहीं। प्रेम के आलोचकों में विनोबा भावे भी शामिल हों तो भी अवज्ञा। और असहमत होने पर पति की राजनीतिक पार्टी से भी किनारा।

अंग्रेजों से संघर्ष में कुछ भी कसर उठा न रखने वाली सुचेता कृपलानी की आज जयंती है। उनकी पहचान उनके ऐसे ही दो टूक फैसलों से है। अक्तूबर, 1963 में वे उत्तर प्रदेश की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं तो स्वतंत्र भारत की पहली महिला मुख्यमंत्री भी कहलाईं।

सुचेता कृपलानी का मुख्यमंत्री बनना उनकी राजनीति की स्वाभाविक परिणति नहीं, प्रदेश कांग्रेस की धड़ेबाजी का परिणाम था। उन दिनों अपदस्थ मुख्यमंत्री चन्द्रभानु गुप्त का धड़ा कतई नहीं चाहता था कि उसके विरोधी कमलापति त्रिपाठी के पक्ष का कोई नेता मुख्यमंत्री बन जाये। इसलिए उसने सुचेता का नाम आगे किया। चूंकि सुचेता किसी धड़े में शामिल नहीं थीं, उनके नाम पर कमलापति त्रिपाठी का धड़ा भी सहमत हो गया। लेकिन पं. जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी ने ऐतराज जताया कि मुख्यमंत्री बनने पर अपने पति आचार्य जेबी कृपलानी की तरह वे भी समस्याएं ही खड़ी करेंगी।

आगे चलकर यह बात सही भी साबित हुई। सुचेता ने उन चन्द्रभानु गुप्त को भी निराश ही किया, जो समझते थे कि अपनी जगह 'पैराशूट मुख्यमंत्री' बनवाकर वे उनसे जो भी चाहेंगे, करा सकेंगे। पैराशूट मुख्यमंत्री इस अर्थ में कि सुचेता न उत्तर प्रदेश में जन्मीं, न ही पलीं-बढ़ीं। साल 1908 में 25 जून को पंजाब (अब हरियाणा) के अम्बाला में पैदा होने और दिल्ली में पढ़ने-लिखने के बाद वे बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में इतिहास की व्याख्याता जरूर बन गई थीं, लेकिन उप्र से उनका रिश्ता चुनावी ही बना रहा था। संविधान सभा के लिए भी वे इसी प्रदेश से चुनी गई थीं। तब, जब उसका नाम संयुक्त प्रांत था।

1962 में पं. नेहरू ने अचानक उन्हें उत्तर प्रदेश की राजनीति में भेजा तो वे बस्ती जिले की मेंहदावल विधानसभा सीट से चुनाव लड़कर विधायक, फिर मंत्री बन गईं। इसके अगले ही साल राजनीतिक घटनाक्रम इतनी तेजी से घूमा कि नेहरू जी के ऐतराज के बावजूद वे मुख्यमंत्री बन गईं और मार्च, 1967 तक इस पद पर रहीं। प्रदेश के राज्य कर्मचारी 62 दिनों तक हड़ताल के बावजूद उनको झुका नहीं पाये।

जैसा कि पहले बता आये हैं, साल 1936 में जेबी कृपलानी से उनके प्रेम-विवाह ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय और महात्मा गांधी के आश्रम में काम करते-करते दोनों परस्पर शादी के फैसले तक पहुंचे तो महात्मा गांधी व उनके परिजन सब विरुद्ध थे। गांधीजी को अंदेशा था कि दाम्पत्य-जीवन उनके दाहिने हाथ जेबी कृपलानी को स्वतंत्रता संघर्ष से विमुख कर देगा, जबकि सुचेता के परिजनों को उनके व कृपलानी के बीच उम्र और जाति का फासला बहुत बेमेल लगता था। जेबी तब 48 वर्ष के थे और सुचेता 28 की। जेबी 'कृपलानी' थे तो सुचेता 'मजूमदार'।

महात्मा ने सुचेता से किसी और से शादी करने को कहा लेकिन सुचेता ने पूछा कि 'आचार्य से प्रेम के बाद मेरा किसी और से शादी करना क्या उसके, आचार्य और अपने तीनों के साथ धोखा नहीं होगा?' निरुत्तर महात्मा ने उन्हें कृपलानी से शादी की इजाजत तो दे दी, आशीर्वाद नहीं दिया-सुचेता के इस वचन के बावजूद कि वे कृपलानी की शक्ति बनेंगी, कमजोरी नहीं। सुचेता ने अपना यह वचन निभाया भी। 1942 में 'भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेकर वे एक साल जेल में रहीं और आजादी के बाद देश नोआखाली दंगों की आग में झुलसने लगा तो महात्मा के साथ उसे बुझाने गईं। साल 1949 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रतिनिधि चुनी गईं।

इसके बाद, जेबी कृपलानी ने कांग्रेस छोड़कर अलग पार्टी बनाई तो वे पहले तो वे उनके साथ हो लीं, लेकिन असहमतियों के बाद कांग्रेस में लौट गईं। इस क्रम में 1952 में वे नई दिल्ली लोकसभा सीट से जेबी की पार्टी से तो 1957 में कांग्रेस से सांसद चुनी गई और पं. नेहरू की सरकार में राज्यमंत्री बनीं। 1967 में उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री पद छोड़ने के बाद भी गोंडा लोकसभा सीट जीतकर फिर लोकसभा पहुंचीं। उन दिनों अलग-अलग पार्टियों में होने के कारण कई लोग जेबी कृपलानी का और उनका मजाक उड़ाते थे। कृपलानी कांग्रेस का विरोध करते तो कांग्रेसी कहते कि उनके विरोध में तो उनकी पत्नी भी शामिल नहीं हैं, जबकि सुचेता के मुख्यमंत्री रहते उनके खिलाफ अभियानों में कहा जाता कि उनके पति भी उनके समर्थक नहीं हैं।

इन स्थितियों के बावजूद सुचेता राजनीति से अवकाश लेने तक कांग्रेस में ही सक्रिय रहीं और जेबी कांग्रेस का विरोध करते रहे। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद घर में पत्नी के तौर पर सुचेता जेबी का पूरा ख्याल रखती थीं। ईमानदारी व नैतिकता का हाल यह था कि सुचेता मुख्यमंत्री पद के सारे दायित्व निभाते हुए भी अपने घर के सारे काम खुद किया करती थीं। उन्होंने 'ऐन अनफिनिश्ड आटोबायोग्राफी' नाम से आत्मकथा भी लिखी, लेकिन उसमें 1947 तक के अपने जीवन का वृत्तांत ही दिया है। यह भी कि सुचेता गाती भी बहुत अच्छा थीं। आजादी के वक्त पं. नेहरू के 'ट्रिस्ट विद डेस्टिनी' वाले ऐतिहासिक भाषण से पहले 'वन्देमातरम' का गान उन्होंने ही किया था।

# नये ब्रांड की धार से गुलजार बाजार

## उलटवांसी

आलोक पुराणिक

बाजार पुराना होता है पर खेल नये हो जाते हैं। टी-20 क्रिकेट का विश्व कप चल रहा है, आस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को अफगानिस्तान जैसी नयी टीम हरा देती है। पाकिस्तान जैसी पुरानी टीम को अमेरिका जैसी नयी टीम हरा देती है। मतलब कहीं न कहीं, क्रिकेट का हाल पॉलिटिक्स जैसा है, कोई भी किसी को हरा सकता है। क्रिकेट सिर्फखेल नहीं है, कारोबार भी है। अरबों रुपये लेते हैं क्रिकेटर यह बताने के लिए कि कौन-सी कार या बाइक पर चलकर उनमें छक्के लगाने की ताकत आ जाती है। या कौन कोल्ड ड्रिंक पीने से वह एनर्जी आ जाती है।

अब समय बदल गया है। कोल्ड ड्रिंक कंपनियां अब पाकिस्तानी क्रिकेटरों से कह सकती हैं कि चलिए अपना कोल्ड ड्रिंक थमा दीजिये अफगानिस्तानी क्रिकेटरों को। पाकिस्तानी क्रिकेटरों को तो तमाम कंपनियां यह कह सकती हैं कि खबरदार हमारे प्रॉडक्ट के साथ दिख मत जाना वरना हम खंडन कर देंगे कि यह हमारी कोल्ड ड्रिंक पीकर नहीं हारे हैं।

अफगानिस्तानी क्रिकेटरों को अब बहुत कुछ बेचने को मिल सकता है। पाकिस्तानी क्रिकेटरों को अब सेल्समैनशिप की नौकरी से बाहर कर दिया जायेगा। बाजार जीतने वाले के साथ होता है। हारने वाले को सिर्फ सिंपैथी मिलती है। कुल मिलाकर बाजार वाला खेल क्रिकेट में हो गया है। अमेरिका और अफगानिस्तान क्रिकेट बाजार में नये ब्रांड हैं, पुराने ब्रांड इनसे परेशान हो रहे हैं। पर कारोबार तो कारोबार है, कोई परेशान होगा, कोई मजे करेगा। अफगानिस्तान क्रिकेट के धंधे का नया कारोबारी है। नया कारोबारी बहुत मेहनत करता है कारोबार जमाने के लिए। पुराने कारोबार वाले थोड़े-से तसल्ली में रहते हैं कि चल रहा है पुराना कारोबार है चलता रहेगा। पर इतिहास बताता है कि पुराने की दुकान बंद ही इस चक्कर में हो जाती है कि पुराने मस्त मगन रहते हैं।

अमेरिका वाले तमाम तरह के खेल खेलते हैं, क्रिकेट अब उनका नया गेम है। अमेरिका एशिया में असर जमाने और बढ़ाने के चक्कर में लगा हुआ है। उसे समझ में आ गया है कि एशिया के महत्वपूर्ण देश भारत, पाकिस्तान, बंगलादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान में क्रिकेट जमकर खेला जाता है, तो अमेरिका को भी क्रिकेट खेलना चाहिए। क्रिकेट बहुत कमाल गेम है, जो शुरू तो ब्रिटेन से हुआ था, पर अब इसकी पॉवर एशिया में है। इंडिया की टीम क्रिकेट में टॉप मानी जाती है और इंडिया के क्रिकेट बोर्ड की अमीरी के चर्चे दुनिया में होते हैं। इंडिया के क्रिकेट बोर्ड को दुनिया में अमीरतम बोर्ड माना जाता है। जिसके पास पैसे हैं, वह खुद-ब-खुद पॉवर हो जाता है। सऊदी अरब के पास बहुत पैसे हैं, वह भी क्रिकेट में रुचि दिखा रहा है।

दिक्कत पाकिस्तान जैसे गरीब देशों की है, जिनके पास पैसे तो कभी थे ही नहीं, अब क्रिकेट भी नहीं बचा पाकिस्तान के पास।

# उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण और विकास निगम ने लाला लाजपत राय मेमोरियल मेडिकल कॉलेज के जल प्रबंधन को दुरुस्त करने के लिए आरईपीएल को किया नियुक्त

युरेशिया संवाददाता





मेरठ। उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण और विकास निगम (यूपीएसडीसी) ने लाला लाजपत राय मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, मेरठ में जल आपूर्ति, सीवरेज और बरसाती पानी निकासी प्रणालियों को बेहतर बनाने के लिए परामर्श सेवाएं प्रदान करने हेतु आरईपीएल (रुद्राभिषेक एंटरप्राइजेज लिमिटेड) को नियुक्त किया है। इस नई योजना से जल आपूर्ति की विश्वसनीयता और गुणवत्ता में सुधार होगा, कुशल सीवेज निपटान सुनिश्चित होगा और कैंपस के भीतर समग्र जल निकासी प्रणालियों में सुधार होगा। आरईपीएल के सीएमडी, श्री प्रदीप मिश्रा ने कहा, ष् बुनियादी ढांचे में सुधार और प्रस्तावित नए विकास मेडिकल कॉलेज परिसर में परिवर्तन लाएंगे, जो लगभग 150 एकड़ में फैला हुआ है। एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज में सिस्टम के उन्नयन से मेडिकल कॉलेज के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित होगा। हम परियोजना को समय पर और उच्चतम गुणवत्ता मानकों पर पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आरईपीएल के ईडी, श्री प्रणय कुमार ने कहा, आरईपीएल मेडिकल कॉलेज परिसर में जल आपूर्ति, जल निकासी, और सीवरेज कार्यों का एक व्यापक सर्वेक्षण, योजना और अनुमान लगाएगा। हम विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) प्रदान करेंगे, जिसमें उन्नत जल उपचार तकनीक, स्मार्ट जल प्रबंधन प्रणालियाँ, और नवीनतम सीवरेज उपचार समाधान शामिल होंगे। यह न केवल परिसर के लिए बेहतर सेवाएँ प्रदान करेगा बल्कि सभी निवासियों और आगंतुकों के लिए जीवन की समग्र गुणवत्ता को भी बढ़ाएगा। आरईपीएल ने भारत सरकार की कई प्रमुख परियोजनाओं में सलाहकार सेवाएं प्रदान की हैं जैसे कि स्मार्ट सिटी, जल जीवन मिशन, AMRUT, PMAY और स्किल इंडिया विभिन्न स्थानों पर विभिन्न क्षमताओं के तहत। उत्तर प्रदेश में, कंपनी पहले से ही स्मार्ट सिटीज, PMAY मेरठ का सिटी डेवलपमेंट प्लान, ग्रेटर नोएडा का मास्टर प्लान 2041, धुरियापार का औद्योगिक कॉरिडोर, और हाई-टेक टाउनशिप पर काम कर रही है।

# एसएसपी कार्यालय पर हिस्ट्रीशीटर अमित मिरिंडा के ख़िलाफ़कार्यवाही करने की मांग

## अमित मिरिंडा गैंग के गुंडा वसूली टैक्स से परेशान टीपी नगर क्षेत्र के व्यापारी ने एसएसपी को शिकायत पत्र देकर लगाई मदद की गुहार

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। अमित चौधरी उर्फमिरिंडा निवासी कुलीपुर थाना भावनपुर का रहने वाला है जो वर्तमान में थाना नौचंदी शास्त्री नगर ९७ में रह रहा है, दरअसल बीते कुछ दिनों से अमित चौधरी उर्फमिरिंडा के द्वारा सताए गए लोग अपनी दरख्वास्त लेकर मेरठ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से अपनी आपबीती बता रहे हैं। माना जा रहा है कि मेरठ पुलिस के लिए अमित मिरिंडा एक बहुत बड़ा सिर दर्द बन चुका है। मेरठ का कुख्यात बदमाश अमित मरिंडा लगातार व्यापारियों से गुंडा टैक्स वसूल रहा है। टीपी नगर थाना क्षेत्र निवासी व्यापारी ने एसएसपी मेरठ से मिलकर कुख्यात अमित मरिंडा के खिलाफरंगदारी कि शिकायत करते हुए मुकदमा पंजीकृत करने कि मांग करी है। जिसके संबंध में एक शिकायती पत्र भी एसएसपी मेरठ को दिया गया है। दरअसल अमित मरिंडा मेरठ जिले का बड़ा बदमाश माना जाता है। जिस पर हत्या, लूट, गैंगस्टर, रंगदारी, बलात्कार, सामुहिक बलात्कार, अवैध हथियार, पुलिस से मुठभेड़, गौतस्करी जैसे करीब 25 से अधिक गंभीर मुकदमें दर्ज बताए जाते हैं। जो कि वर्तमान समय में भी 6 से अधिक मुकदमों में वांछित चल रहा है। मेडिकल थाने से दुष्कर्म और रंगदारी के मामले में भी पुलिस मरिंडा को तलाश कर रही है। उधर, मरिंडा को लेकर सूत्रों से खबर है कि मरिंडा ने एक अधिवक्ता का अपहरण करके उसका हाथ तोड़ डाला। और भी बहुत सी गंभीर छोटे हैं जिसमें मेडिकल के आधार पर जल्द ही मुकदमा पंजीकृत हो सकता है। पीड़ित अधिवक्ता गोविंद मोहन शर्मा ने पुलिस के उच्च अधिकारियों को बताया था कि मेडिकल थाने में सीसीएस यूनिवर्सिटी के सामने तेजस होटल में अमित मरिंडा मुकुल सैनी लोगों कि अश्लील फिल्म रिकॉर्ड करके प्रेमी युगल से अवैध वसूली करते थे। तेजस होटल में सभी अनैतिक कार्य होते थे। तेजस होटल से ही लोहिया नगर पुलिस ने मरिंडा गैंग के 5 हथियार तस्करों को दबोचा था। जो बड़े पैमाने पर ऑनलाइन हथियार बेचते थे। और गोविंद मोहन शर्मा ने बताया की अमित मिरिंडा मुकुल सैनी जतिन तेवतिया वंश सचदेवा ने एक व्यापारी वीरेंद्र शर्मा और मयंक त्यागी को मारने की सुपारी भी दी है। सूत्रों के माने तो अब पुलिस ने मरिंडा गैंग के खिलाफकार्यवाही करनी शुरू कर दी है। जिसमें सबसे पहले पूरे गैंग पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही होनी सुनिश्चित मानी जा रही है। सूत्रों के अनुसार मरिंडा गैंग को संरक्षण देने वाले सभी लोगों के नाम मुकदमों में बढ़ने निश्चित हैं।













### कुख्यात बदमाश अमित मरिंडा की क्राइम हिस्ट्री

1. 67/15 थाना : मेडिकल
धारा :एससी एसटी 376 गैंगरेप )
2. 2019 में गंगानगर थाने से मुकदमा संख्या 297/18 में धारा 376 पोस्को एक्ट में जेल गया।
3. 2021 मार्च में मेडिकल पुलिस ने गोली मारकर जेल भेजा 307 में 4. दफा 25 में जेल भेजा मेडिकल थाने ने मार्च 2021 में।
5.मेडिकल थाने में मुकदमा संख्या 604/14 धारा 323
6. मेडिकल थाने में मुकदमा संख्या 199/24 धारा 376
7. मेडिकल थाने में मुकदमा संख्या 207/24 धारा 406, 384 रंगदारी।
8. गु0अ0सं0-004/14, घारा 323,504 भा0द0वि0 थाना मेरठ (उ0प्र0)। मेडिकल
9. मु0अ0सं0-07/15, धारा 334 क.ख.ग. 120बी. भा0द0वि0 व एस0सी0ध्एस0टी0 एक्ट, थाना मेडिकल मेरठ (उ0प्र0)।
10. 10. मु0अ0सं0-420ध्16, धारा 302,147,148,149,34 भा080वि0 थाना मेडिकल मेरठ (उ0प्र0)।
11. मु0अ0सं0-529/16, धारा 376डी., 506 भा0द0वि0 थाना मेडिकल मेरठ (उ0प्र0)।
12. मु0अ0सं0-268/18, धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना मेडिकल मेरठ (उ0प्र0)।13. मु0अ0सं0-297/18, धारा 223,354,376,427 152,506 भा0द0वि0 व 7ध्8 पोक्सो एक्ट, थाना गंगानगर, मेरठ (उ0प्र0)।
14. मु0अ0सं0-130/18, धारा 302 भा0द0वि0 थाना मेडिकल मेरठ (उ0प्र0)।
15. गु0अ0सं0-341/19, धारा 376,511,506 भा080वि0 थाना मेडिकल मेरठ (उ0प्र0)।
16. मु0अ0सं0-186/19, धारा 506 भा0द0वि0 थाना कंकरखेड़ा मेरठ (उ0प्र0)।
17. मु0अ0सं0-1219/19, धारा 354,307 भा0द0वि0 थाना थुमनगंज प्रयागराज (उ0प्र0)।
18. मु0अ0सं0--502/18, धारा 336,354,384,506 ज्वालापुर, जनपद हरिद्वार (उत्तराखण्ड)। भा0द0वि0 थाना
19. मु0अ0सं0-570/21, धारा 363,366,368,506 भा0द0वि0 थाना नौएडा सेक्टर-39 कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर (उ0प्र0)।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इनसे अलग भी करीब 10 मुकदमे पंजीकृत हैं, जिनमें से करीब 6 से 7 मुकदमों में वांछित चल रहा है।

## एक नजर..

## अमर शहीद निशांत शर्मा का 36 वा जन्मदिन मनाया गया। रोहित कौशिक



विकास शर्मा /युरेशिया

सहारनपुर में सर्किट हाउस के पास शहीद स्मारक निशांत शर्मा की प्रतिमा पर पुष्प मालाए एवं दीप प्रज्वलित कर शहीद निशांत शर्मा का जन्म दिवस 36 व जन्मदिन मनाया गया इस अवसर पर परिजनों एवं ईस्ट मित्रों के द्वारा एक छबील का आयोजन कर मार्ग से गुजरने वाले लोगों को मीठा पेयजल पिलाकर शाहिद की यादों को एक यादगार दिवस के रूप में भी समाहित किया गया शाहिद निशांत शर्मा के जन्मदिवस पर उनके माता-पिता उनके भाई शुभम शर्मा वरिष्ठ समाजसेवी एवं ब्राह्मण नेता अतुल पाराशर राजेश शर्मा युवा ब्राह्मण नेता रोहित कौशिक सिरसका अरुण बक्शी अंकित शर्मा लुडी कुलदीप शर्मा दल्हेडी सूर्य पंडित समाजसेवी अरुण संस्था की रश्मि ट्रेंस मेडी शर्मा ज्योति चौधरी राज त्यागी और देवभूमि पत्रकार यूनियन के जिला अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा सहित लोगों द्वारा शाहिद के जन्म दिवस को भव्य बनाते हुए निशांत शर्मा अमर रहे के नारे भी लगाए जब तक सूरज चांद रहेगा निशान तो तेरा नाम रहेगा उनका यह जन्मदिन इस बार उनके गांव लुन्ढी में मनाया जाना था लेकिन वहां उनके नाम पर बंद रहे द्वारा का कार्य भी पूरा नहीं हो पाने के कारण इस कार्य को उनकी प्रतिमा पर ही किया गया उनके माता-पिता और समाज से युवा द्वारा कहा कि आने वाले समय में निशांत शर्मा के नाम पर रक्तदान शिविर एवं दूसरे चिकित्सा शिवा आईआर और गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए और कहीं कार्यक्रम आयोजित करने की योजना तैयार की जा रही है।

## दस दिवसीय अंतर्इकाई थल सैनिक शिविर सम्पन्न



अरविन्द चौहान / युरेशिया

गंगोह(सहारनपुर)शोभित विवि में जारी 86 यूपी बटालियन एनसीसी का दस दिवसीय अंतर इकाई थल सैनिक शिविर सम्पन्न हो गया है। शिविर में 500 कैडेट्स को सैन्य कक्षाएँ, केंद्रीय व्याख्यान, बाधा प्रशिक्षण, क्षेत्र कला और युद्ध कला, फायरिंग, तंबू पिचिंग अभ्यास व सैन्य कौशल का प्रशिक्षण दिया गया। बटालियन अधिकारी आरके चौहान, कुलपति प्रो. रणजीत सिंह, कुलसचिव प्रो.महिपाल सिंह व केयर टेकर सूफी जहीर अख्तर ने केडेटस को पुरस्कृत किया। शिविर में बायोमेट्रिक उपस्थिति,दस्तावेजीकरण, सामान्य स्वास्थ्य जांच, फायरिंग, लिखित परीक्षा, ड्रिल और साक्षात्कार, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मैप रीडिंग टेस्ट,डिस्टेंस एवं फील्ड सिग्नल जजिंग प्रतियोगिता, अंतर्राष्ट्रीय योगदिवस कार्यक्रम शामिल रहे।केडेट को जिम्मेदार नागरिक बनकर समाज सेवा को प्ररित किया गया। सीटीओ अनिल जोशी, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. जसवीर सिंह राणा, डॉ. उस्मान खान, डॉ. विनय, महेंद्र कुमार, बलराम टॉक आदि रहें।

## जन समस्याओं के समाधान को डीएम से मिला रालोद प्रतिनिधिमंडल

अरविन्द चौहान / युरेशिया



गंगोह(सहारनपुर) नगरपालिका की सफाई, पेयजल, पथ प्रकाश सहित निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री लगाने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय लोकदल का एक प्रतिनिधिमंडल डीएम से मिला। इन लोगों का कहना था कि नगरपालिका में उनकी कोई समस्या नही सुनी जाती। डीएम को सौंपे ज्ञापन में इन लोगों ने समस्याओं के त्वरित निस्तारण की मांग की है। डीएम से मिलने वालों में जिलाध्यक्ष राव केसर सलीम, प्रदेश सचिवचौधरी धीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी सलीम कुरैशी, सभासद गुरमीत, दानिश कुरेशी, फैसल कुरैशी, फुरकान मंसूरी, नफीस मलिक, परवेज मलिक, अजय कुमार आदि रहे। डीएम डॉ. दिनेश चन्द्रा ने प्रतिनिधि मंडल को उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के प्रति आश्वस्त किया। वही मौजूद एसडीएम से मिलकर भी इन लोगों ने समस्याएं रखी।


### दैनिक युरेशिया टीम सहारनपुर मंडल

समाचार, सूचना, विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

| | |
|---|---|
| मोनु कश्यप (जिला प्रभारी) | मो0: 8630402509 |
| प्रदीप धीमान (मण्डल प्रभारी) | मो0: 9997171951 |
| अरविंद चौहान (गंगोह प्रभारी) | मो0: 9759693305 |
| मोनीन (नागल प्रभारी) | मो0: 9639221277 |
| अश्वनी धीमान (नानौता प्रभारी) | मो0: 9720509609 |
| नाथीराम सहल (चिलकाना प्रभारी) | मो0: 6397074075 |
| नादिर (तहसील बेहट प्रभारी) | मो0 9870984665 |
| विकास शर्मा (तहसील नकुड़ प्रभारी) | मो0: 6396576517 |
| शक्ति चौधरी (सरसावा प्रभारी) | मो0: 9719777268 |
| मनोज कंबोज (बिहारीगढ़ प्रभारी) | मो0: 9675196324 |
| सुनील कुमार सैनी (छुटमलपुर प्रभारी) | मो0: 9758712680 |
| परवीन खानम (अंबेहटा पीर रिपोर्टर) | मो0: 8410360786 |
| शौकीन अहमद (मिर्जापुर प्रभारी) | मो0 9720067900 |


# भारत सरकार की इंस्पायर-स्कॉलरशिप के लिए शोभित विश्वविद्यालय के तीन छात्र चयनित

अरविन्द चौहान / युरेशिया



गंगोह(सहारनपुर)शोभित विश्वविद्यालय, गंगोह के तीन विद्यार्थियों का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय,भारत सरकार की प्रतिष्ठित इंस्पायर- स्कॉलरशिप फॉर हायर एजुकेशन के लिए चयन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार से उच्च शिक्षा के लिए प्रतिष्ठित इंस्पायर-स्कॉलरशिप (एस.एच.ई.) वर्ष 2023-24 के लिए शोभित विश्वविद्यालय के तीन विद्यार्थियों का इंस्पायर स्कॉलरशिप में चयन हुआ, जिनमे बी.एससी (पीसीएम) के छात्र पारस कुमार, बी.एससी माइक्रोबायोलॉजी की छात्रा खुशी एवं एम.एससी (केमिस्ट्री) के छात्र मनीष शर्मा का चयन डीएसटी, भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली इंस्पायर स्कॉलरशिप के लिए चयन हुआ है, इसके तहत सरकार की ओर से विज्ञान क्षेत्र में अध्यनरत विद्यार्थियों को ?80,000 रुपए की वार्षिक स्कॉलरशिप प्रदान कराई जाती है। इंस्पायर स्कॉलरशिप प्रोग्राम भारत सरकार की ओर से चलाई जा रही एक कल्याणकारी योजनाओं में से एक है, जिसका संचालन केंद्र सरकार की ओर से किया जाता है एवं विज्ञान क्षेत्र में अध्यनरत छात्र एवं छात्राओं को इसका लाभ दिया जाता है। यह स्कॉलरशिप योजना इनोवेशन इन साइंस परस्यूट फॉर इंस्पायर्ड रिसर्च (प्छैच्स्म्) के अंतर्गत आती है।

इस अवसर पर शोभित विश्वविद्यालय गंगोह के कुलपति प्रो.(डॉ.) रणजीत सिंह एवं कुलसचिव प्रो.(डॉ.) महिपाल सिंह ने छात्र पारस कुमार, मनीष शर्मा व छात्रा खुशी को अनेक शुभकामनाएं दी। कुलपति प्रो.(डॉ.) रणजीत सिंह ने कहा कि शोभित विश्वविद्यालय गंगोह के छात्र एवं छात्राएं दिन प्रतिदिन अपने कौशल को विकसित करने का कार्य कर रहे है, यह दिशा निश्चित ही छात्रों को उज्जवल भविष्य की ओर उन्नमुख करेगी। आगे उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार कि छात्रवृत्ति छात्रों के लिए वित्तीय सहायता का एक अविश्वसनीय स्रोत है, जो अध्ययन पर अधिक ध्यान केंद्रित करने में मदद करती है।

इस अवसर पर रिसर्च डीन प्रो.(डॉ.) राजीव दत्ता, यू.टी.डी.सी कोर्डिनेटर डॉ. नवीन कुमार, डॉ. गरिमा वर्मा, डॉ. ऋषभ चित्रांशी, डॉ. विनय कुमार, डॉ. अनिल कुमार पांडेय,सरिता शर्मा ने इंस्पायर स्कॉलरशिप प्राप्त करने वाले तीनो छात्रों को अपनी शुभकामनाएं दी।

# भगत सिंह मैंमोरियल प्रा.आई.टी. आई पटना में छात्रो को टैबलेट किए वितरित

नाथी सहल/युरेशिया




चिलकाना। स्वामी विवेकानंद युवा सशस्क्तिकरण योजना टैबलेट वितरण समारोह का कार्यक्रम चिलकाना के समीप ग्राम पटना में भगत सिंह मेमोरियल प्रा. आई. टी. आई में किया गया। जिसमे टैबलेट पाकर सभी छात्रों के चेहरे खिल उठे।

चिलकाना के समीप ग्राम पटना में भगत सिंह मेमेमोरिल प्रा.आई टी आई में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना टैबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे वरिष्ठ पत्रकार डा.विमल शर्मा व गुफरान प्रधान ने सभी छात्रो को टैबलेट वितरित कराए और सभी के उज्वल भविष्य की कामना की। वही कालेज के चेयरमैन श्याम सिंह सैनी ने कहा कि आज का बच्चा कल का भविष्य बनकर निकलेगा और अपने प्रदेश व देश का नाम रोशन करेगा। वही उन्होंने बताया की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण। योजना के तहत बच्चो को ऑनलाइन पढ़ाई करने में बड़ी आसानी मिलेगी और वह आनलाइन पढ़ाई कर अपना भविष्य बना सकते है।। इस दौरान टैबलेट वितरण समारोह में कॉलेज के प्रधानाचार्य अविनाश गोतम, राकेश सैनी, मास्टर रहमान, सतीश भारती, राजेश कुमार, संजीव धीमान, नीलम सैनी आदि कालेज का समस्त स्टाफमौजूद रहा।।

# इंडो नेपाल स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप मे रवित कश्यप ने गोल्ड मैडल जीतकर देश का नाम रोशन किया

प्रदीप धीमान / युरेशिया



सहारनपुर। नेपाल मे आयोजित हुई इंडो नेपाल स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप मे रवित कश्यप ने गोल्ड मैडल जीतकर अपने देश का नाम रोशन कर दिया। गोल्ड मैडल जीतने पर रवित कश्यप का भव्य स्वागत कर उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

नेपाल यूथ स्पोर्ट्स डेवलवमेन्ट फोरम के द्वारा पोखरा मे आयोजित हुई इंडो नेपाल स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप मे सहारनपुर जनपद के ग्राम ढाकादेवी निवासी रवित कश्यप ने अपनी लगन व मेहनत के बलबुते एथलेटिक्स गेम्स के लॉन्ग जंप इवेंट में गोल्ड मैडल जीतकर अपने गांव समेत अपने देश का नाम रोशन कर दिया। नेपाल मे गोल्ड मैडल जीतकर अपने खेल का लोहा मनवाले वाले चैम्पियन रवित कश्यप का सपना ओलम्पिक खेलो मे मैडल जीतकर देश का नाम रोशन करना है। रवित कश्यप ने अपनी इस सफलता का क्षेय अपने माता पिता, अपने कोच अरुण बोद्व समेत अपने गांव के ग्रामीणो को दिया।

इंडो नेपाल स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप मे गोल्ड मैडल जीतकर अपने गांव ढाकादेवी आने पर गोल्ड मैडलिस्ट रवित कश्यप का फूल माला पहनकर व ढोल बजाकर भव्य स्वागत किया गया व गांव मे ही सम्मान समारोह आयोजित कर रवित कश्यप की सफलता पर खुशी व्यक्त की गई।

इंडो नेपाल स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप मे गोल्ड मैडल जीतने पर रवित कश्यप को संजीव कश्यप, मांगेराम कश्यप, कुलदीप भाई, पवन कश्यप, रामवीर, उमेश, अमरजीत, राजेन्द्र, पप्पू कश्यप, शिवकुमार प्रजापति, बबलू प्रजापति, संदीप कश्यप, विकाश, केहर सिंह, रोहितास, धर्मेन्द्र दादा, सोनू राणा, प्रवीण कुमार, रियासत अली, मो.मसरूफ अली, समेत कई ग्रामीणो ने सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# थाना नकुड़ पुलिस द्वारा मात्र 08 घंटे में हत्या का प्रयास व फायरिंग की घटना का खुलासा करते हुए 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

### कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध अस्लाह 02 तमंचे, कारतूस 315 बोर बरामद



प्रदीप धीमान / युरेशिया

सहारनपुर। थाना नकुड़ पर वादी शानुरहमान पुत्र अखतर निवासी मौ0 पटियान अम्बेहटापीर सहारनपुर ने एक लिखित तहरीर बाबत अभियुक्तगण 1. आहद पुत्र जिन्दा निवासी मौ0 किला कस्बा अम्बेहटापीर 2. सलीम पुत्र मुनफैद निवासी मौ0 नयाबांस कस्बा अम्बोटापीर द्वारा उसके साथ पैसो के लेन देन को लेकर हुई कहासुनी के कारण उसकी दुकान व घर पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने के सम्बन्ध में थाना नकुड़ पर मु0अ0सं0- धारा 307/504/506 भादवि पंजीकृत कराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 विपिन ताड़ा सहारनपुर द्वारा उक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेकर फायरिंग की घटना कारित करने वाले अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिशा-निर्देश दिए। इसी क्रम थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र गौतम के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में नामजद दो अभियुक्तगण 1. आहद पुत्र जिन्दा निवासी मौ0 किला कस्बा अम्बेहटापीर थाना नकुड 2. सलीम पुत्र मुनफेद निवासी मौ0 नयाबांस कस्बा अम्बहेटापीर से इस्लामनगर की तरफ जाने वाले रोड पर बने कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 तमंचे 315 बोर, 02 खोखा, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र गौतम थाना नकुड़, उ0नि0 नरेन्द्र भडाना, उ0नि0 अश्वनी शर्मा, है0का0 मतीन अहमद, का0 आकाश कुमार, का0 राहुल कुमार शामिल रहे।

# रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों की मौत

### कैराना बाईपास पर हुई दुर्घटना, मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा अस्पताल में हंगामा कर रहे परिजनों को पुलिस ने किसी तरह किया शांत

### बस चालक की गिरफ्तार की मांग पर अडे परिजन, सीओ ने दिया आश्वासन

युरेशिया संवाददाता



कैराना। सोमवार को कैराना बाईपास पर रोडवेज बस की टक्कर से बुलेट बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गयी। हादसे के बाद आरोपी बस चालक मौके से फरार हो गया। तीन युवकों की मौत से परिजनों में भी कोहराम मच गया। सरकारी अस्पताल में मृतकों के परिजनों व पुलिस में तीखी नोंकझोंक भी हुई। बाद में पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कैराना के मौहल्ला इकरामपुरा निवासी आसिफपुत्र रफीक व आसिफपुत्र शाहिद तथा खुरगान रोड निवासी सारिक सोमवार को बुलेट बाइक पर सवार होकर कैराना बाईपास की तरफजा रहे थे, जैसे ही वे बाइपास पर पहुंचे तभी कैराना से होकर बाईपास पर पहुंची रोडवेज बस ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे तीनों युवक सडक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपित बस चालक मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने मामले की सूचना तुरंत कैराना पुलिस को दी जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा एम्बुलैंस से तीनों युवकों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले की सूचना मृतकों के परिजनों को दी जिससे परिजनों में भी कोहराम मच गया। परिजन रोते बिलखते अस्पताल पहुंच गए जहां उन्होंने पुलिस पर घायलों को देरी से लाने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया, इस दौरान पुलिस व मृतकों के परिजनों भी तीखी नोंकझोंक हुई। परिजनों ने आरोपी बस चालक की गिरफ्तारी की मांग की। सूचना मिलते ही सीओ कैराना अमरदीप मौर्य, कोतवाली प्रभारी व बडी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने किसी तरह परिजनों को समझा बुझाकर शांत करते हुए बस चालक की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। बाद में पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तीन युवकों की मौत से परिजनों में भी कोहराम मचा हुआ है

## अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब की वर्चुअल मीटिंग में गरमाया पत्रकार सुरक्षा का मामला

### राष्ट्रीय संरक्षक टीम ने कहा हर मोड़ पर तन-मन धन से अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब के पत्रकारों के साथ

अरविन्द चौहान / युरेशिया

सहारनपुर।अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब की राष्ट्रीय कमेटी ने देर रात्रि में बुलाई आकस्मिक वर्चुअल मीटिंग जिसमे संगठन के दर्जनों वरिष्ठ पत्रकारों ने भाग लिया और संगठन के विस्तार को लेकर चर्चा कि जिसमे सभी लोगो ने अपने-अपने सुझाव दिए तथा अनेक मुद्दों पर खुलकर चर्चा हुई।बताते चलें अहम मुद्दा पत्रकारों पर हो रहे हमलों को लेकर चर्चा का विषय बना जिसमे सभी ने कहा कि हम पत्रकारों की हर तरह से हर सम्भव मदद करने का काम करेगे और मजबूती से एक जुट होकर लड़ाई लड़ेंगे तथा जो भी पत्रकार संगठन से मदद मांगेगा उसकी मदद की जाएगी हमारा संगठन अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब सहारनपुर जिले का पहले ऐसा नंबर वन संगठन जो पत्रकारों से बिना भेदभाव के मदद देता है। तथा अन्य संगठनों से जुड़े के पत्रकारों की भी निस्वार्थ धरातल पर मदद कर रहा है। पत्रकार हमारे संगठन का हो या ना हो हमसे जो हमसे मदद मांगेगा उसकी हर संभव मदद की जाएगी।वही इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक कैप्टन सुभाष चंद्र योगी ने कहा पत्रकारों के हितों की लड़ाई के लिए वह तन मन धन से 24 घंटे तत्त पर है। गत दिनों पत्रकारों के कई मुद्दों को लेकर मान्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी उन्होंने मांग पत्र सोपा था।वही फोन पर हुई वार्ता के दौरान अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब की राष्ट्रीय संरक्षक श्रीश्री1008 अंतर्राष्ट्रीय महामंडलेश्वर साध्वी सविता जमुना दास ने भी संगठन के प्रति अपनी आस्था जताई और कहा कि मैं भी तन-मन धन से संगठन के साथ हूँ।पत्रकार स्वयं को अकेला न समझे उनकी हर तरह की लड़ाई लड़ने के लिए उनका संगठन जनपद से लेकर दिल्ली तक तैयार हूँ।राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा पत्रकार ईमानदारी से पत्रकारिता करें तथा दागी एवंम भ्रष्टाचारी पत्रकारों से दूरी बनाएं निष्पक्ष होकर खबर मजबूती के साथ प्रकाशित करें और समाज के कमजोर वर्ग का सहारा बने।उन्होंने कहा अन्य प्रदेशों में भी संगठन बहुत अच्छी प्रगति कर रहा है।जांच पड़ताल के उपरांत साफसुथरी छवि के पत्रकार ही संगठन में लिए जा रहे हैं।उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले मे संगठन के पत्रकारों द्वारा आगामी माह में अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब के बैनर तले ऐतिहासिक महासम्मेलन किया जा रहा है।

जिसमें जनपद सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, मेरठ, उत्तराखंड,राजस्थान आदि के अनेक दिग्गज पत्रकार भाग लेंगे। वर्चुअल मीटिंग के दौरान दर्जनों पत्रकारों ने अपने-अपने विचार रखें।, अजीत त्यागी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अरविन्द चौहान,ललित शर्मा,संजीव विश्वकर्मा,सुरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा,रमेशचंद सैनी ,पत्रकार फरत व शहजाद,पत्रकार नीटू सैनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजीत त्याग,आदि ने भाग लिया।

## अधिसाशी अधिकारी ने पोलोथिन प्रतिबंध हेतु व्यापारियों के साथ की बैठक

नाथी सहल/ युरेशिया



चिलकाना। आज कार्यालय नगर पंचायत सुल्तानपुर चिलकाना के सभागार में श्री राजीव कुमार अधिशासी अधिकारी के द्वारा नगर में पॉलिथीन पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने हेतु व्यापार मंडल के साथ बैठक की गई। बैठक में अधिशासी अधिकारी महोदय द्वारा व्यापार मंडल के सभी प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि शासन के निर्देशानुसार पॉलिथीन पूर्णतया प्रतिबंध की गई है लेकिन निरीक्षण के दौरान पाया गया कि हमारे कस्बे में पॉलिथीन का प्रयोग पूर्णतया बंद नहीं हुआ है, जो शासन एवं एनजीटी के आदेशों का उल्लंघन है, इसलिए नगर में पॉलिथीन पर प्रतिबंध लगाने हेतु विशेष अभियान चलाकर पॉलिथीन जब्तीकरण के साथ जुर्माना लगाया जाएगा, जोकि ?25000 तक हो सकता है। इस पर व्यापार मंडल के सभी सदस्यों द्वारा नगर पंचायत को पॉलीथिन प्रतिबंध अभियान में सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में श्री यूसुफ कुरैशी, श्री पवन गुम्बर, श्री आशु सैनी, श्री रमेश कश्यप, श्री डॉ0 दीपक सैनी, श्री अब्दुल जब्बार, श्री सोमपाल सैनी सहित व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं श्री अशोक कुमार लिपिक, श्री अब्दुल्ल राजिक एसबीएम प्रभारी, श्री अमित कुमार प्रभारी सफाई नायक आदि उपस्थित रहे।

## हाइवे निर्माण में किसानों के सामने आ रही समस्याओं के समाधान की मांग



युरेशिया संवाददाता

### डीएम से मिले दिल्ली-देहरादून इकोनोमिक कोरीडोर किसान संघर्ष समिति के पदाधिकारी 1 जुलाई तक समाधान न हुआ तो 2 जुलाई से आंदोलन की चेतावनी

शामली। दिल्ली-देहरादून इकोनोमिक कोरीडोर किसान संघर्ष समिति ने हाइवे के निर्माण के दौरान किसानों के सामने आ रही समस्याओं को लेकर डीएम से मुलाकात की तथा समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की। समिति ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान न हुआ तो 2 जुलाई से किसान आंदोलन शुरू कर देंगे। डीएम ने समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया है।

जानकारी के अनुसार सोमवार को दिल्ली-देहरादून इकोनोमिक कोरीडोर किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष ठा. वीरसिंह व सचिव चौ. विदेश मलिक के नेतृत्व में किसानों ने डीएम रविन्द्र सिंह से मुलाकात की तथा हाइवे के निर्माण के दौरान आ रही विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि किसानों द्वारा सर्विस रोड की सूची प्रशासन को पूर्व में कई बार दी जा चुकी है लेकिन किसानों की सर्विस रोड संबंधी समस्याओं का अभी तक समाधान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि बरसात का मौसम आने वाला है, इसलिए हाइवे में जितने भी अंडरपास बनाए गए हैं उन सभी को साफकराकर उनमें पीसीसी निर्माण कार्य कराया जाए, रेन वाटर की व्यवस्था बरसात से पहले सुनिश्चित कराई जाए ताकि हाइवे के निकट स्थित किसानों की फसल बर्बाद होने से बचाई जा सके, जो अतिरिक्त भूमि एनएचएआई द्वारा किसानों द्वारा बैनामा अधिग्रहित की जानी है उस प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए, जिन किसानों के आरबी ट्रेशन की सुनवाई हो चुकी है, उन पर आंदेश पारित किए जाए तथा जिन किसानों के आरबी ट्रेशन की सुनवाई नहीं की गयी उनकी शीघ्र सुनवाई की जाए। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी इन समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया था लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी। समिति ने चेतावनी दी कि यदि 1 जुलाई तक समस्याओं का समाधान न हुआ तो 2 जुलाई से किसान आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे। डीएम ने सभी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कराए जाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर चौ. विजेन्द्र सिंह, योगेन्द्र प्रधान, डा. तेजपाल सिंह, प्रमोद जागलान, रामवीर सिंह, सुशील सैनी, इंतजार मुखिया, आरिफ आदि भी मौजूद रहे।

